8. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया जाए कि उनके विरुद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।
9. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया जाए कि उनके विरुद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ) दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने पश्चात आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदनुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 14/12/2022 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 03/01/2023 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(ब) समिति की 448वीं बैठक दिनांक 24/01/2023:

समिति द्वारा मामले, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. एस.ओ.आई. की वैधता वृद्धि संचालक, ग्रामोद्योग, भौमिकी तथा खनिकर्म, नवा रायपुर अटल नगर के ज्ञापन क्रमांक 7664/खनि 02/उ.प.–अनुज्ञप्ति/न.क्र. 90/2017(3) नवा रायपुर, दिनांक 29/12/2022 द्वारा जारी किया गया है जिसके अनुसार "प्रकरण में पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त करने एवं उत्खननिपट्टा स्वीकृति आदेश जारी करने हेतु अतिरिक्त समयावधि प्रदान किया जाता है।"

2. ऊपरी मिट्टी प्रबंधन (Top Soil Management) प्रस्तुत किया गया है, जिसके अनुसार उत्खनित ऊपरी मिट्टी को लीज क्षेत्र की सीमा में चारों ओर 7.5 मीटर की पट्टी में वृक्षारोपण हेतु उपयोग किया जाएगा। साथ ही ऊपरी मिट्टी को लीज क्षेत्र के बाहर संग्रहित कर संरक्षित नहीं करने हेतु मिट्टी का दुरुपयोग व उसकी विक्रय न करने एवं अन्य कार्यों में उपयोग नहीं किये जाने एवं इस मिट्टी का उपयोग पुनर्भरण हेतु किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

3. परियोजना प्रस्तावक द्वारा नीम वृक्ष के स्थान पर उपयुक्त वृक्ष लगाए जाने एवं लगाने की उपयुक्त स्थान का सी.ई.आर. (C.E.R.) का निम्नानुसार संशोधित विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:-

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
			Following activities at Nearby **Village-Banhardi**	
30	2%	0.60	Plantation with fencing at land provided by gram panchayat	2.28
			Total	**2.28**

4. सी.ई.आर. के अंतर्गत वृक्षारोपण (जामुन, नीम एवं आम) हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 250 नग पौधों के लिए राशि 18,000 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 10,000 रूपये, खाद एवं सिंचाई के लिए राशि 15,000 रूपये तथा रख–रखाव के लिए राशि 24,000 रूपये अर्थात इस प्रकार कुल राशि 67,000 रूपये प्रथम वर्ष हेतु एवं रख–रखाव हेतु कुल राशि 1,61,000 रूपये आगामी चार वर्षों हेतु वर्षवार व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है।

5. कंट्रोल ब्लास्टिंग किए जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

6. स्वीकृत लीज क्षेत्र के अंदर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का उत्तरजीविता रेट (Survival rate) का प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

7. परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनिज रियायत नियम (Minerals Concession Rules) के तहत् बाउण्ड्री पिलर्स द्वारा सीमांकन का कार्य सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

8. छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के तहत प्रभावित लोगों को रोजगार दिए जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

9. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया जाए कि उनके विरुद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

10. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया जाए कि उनके विरुद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है;

11. समिति का मत है कि सी.ई.आर. कार्य एवं 7.5 मीटर की चौड़ा पट्टी में वृक्षारोपण कार्य के मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण हेतु त्रि-पक्षीय समिति (प्रोपोनेंट/प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी/प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन या छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पदाधिकारी/प्रतिनिधि) गठित किया जाना आवश्यक है। साथ ही सी.ई.आर. एवं 7.5 मीटर की चौड़ा पट्टी में वृक्षारोपण का कार्य पूर्ण किये जाने के उपरांत गठित त्रि-पक्षीय समिति से सत्यापित कराया जाना आवश्यक है।

12. माननीय एन.जी.टी., प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा सतेंद्र पाण्डेय विरुद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं अन्य (ओरिजिनल एप्लीकेशन नं. 186 ऑफ 2016 एवं अन्य) में दिनांक 13/09/2018 को पारित आदेश में मुख्य रूप से निम्नानुसार निर्देशित किया गया है:-

a) Providing for EIA, EMP and therefore, Public consultation for all areas from 5 to 25 ha. falling under category B-2 at par with category B-1 by SEAC / SEIAA as well as for cluster situation where ever it is not provided.

b) If a cluster or an individual lease size exceed 5 ha. EIA / EMP be made applicable in the process of grant of prior environment clearance.

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:-

1. कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला-राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक/1022/खनि 02/2022 राजनांदगांव, दिनांक 24/05/2022 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर 4 खदानें, क्षेत्रफल 3.72 हेक्टेयर है। आवेदित खदान (ग्राम-[illegible]) का रकबा 1.041 हेक्टेयर है। इस प्रकार आवेदित खदान (ग्राम-[illegible]) को मिलाकर कुल रकबा 4.761 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर या उससे कम होने के कारण यह खदान बी-2 श्रेणी की मानी गयी।

2. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से आवेदक – मेसर्स आर. बी. मिनरल्स (भागीदारी [illegible] पार्टनर- श्री [illegible]),

ग्राम–कापसाही, तहसील–डोंगरगढ़, जिला–राजनांदगांव के खसरा क्रमांक 328/2, 328/3, 328/4, 328/5 एवं 328/1 में स्थित चूना पत्थर (ऑर्डिनरी स्टोन) खदान, कुल क्षेत्रफल–1.041 हेक्टेयर, क्षमता – 20,000 टन (8,000 घनमीटर) प्रतिवर्ष हेतु **परिशिष्ट–04** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की गई।

उक्त राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदनुसार सूचित किया जाए।

3. मेसर्स अभिलाषा इस्पात उद्योग, रावाभाठा इण्डस्ट्रीयल एरिया, तहसील व जिला–रायपुर (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1614)

ऑनलाइन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ आईएनडी/ 228653/ 2021, दिनांक 09/08/2021।

प्रस्ताव का विवरण – परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तावित कार्यक्षमता के तहत रावाभाठा औद्योगिक क्षेत्र, तहसील व जिला–रायपुर स्थित प्लॉट नं. 25 एवं 26, कुल क्षेत्रफल–1.94 एकड़ (0.78 हेक्टेयर) में रि–हीटिंग फर्नेस आधारित रोलिंग मिल क्षमता–30,000 टन प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 66,400 टन प्रतिवर्ष करने के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है। प्रस्तावित कार्यक्षमता के उपरांत विनियोग की कुल लागत 2.87 करोड़ होगा।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 09/02/2022 द्वारा प्रस्तुतिकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 388वीं बैठक दिनांक 14/02/2022

प्रस्तुतिकरण हेतु श्री [illegible] उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. **जल एवं वायु सम्मति –**

- क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर से रि–रोल्ड प्रोडक्ट्स क्षमता–30,000 टन प्रतिवर्ष हेतु जल एवं वायु सम्मति नवीनीकरण दिनांक 22/11/2019 को जारी की गई है, जिसकी वैधता 31/10/2029 तक है।
- पूर्व में जारी सम्मति नवीनीकरण के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की बिन्दुवार जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है।

2. **निकटतम स्थित क्रियाकलापों संबंधी जानकारी –**

- नजदीकतम आबादी रावाभाठा 300 मीटर की दूरी पर स्थित है। निकटतम रेल्वे स्टेशन रायपुर 3 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। स्वामी विवेकानंद विमानतल, माना, रायपुर 17.5 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राज्यमार्ग 150 मीटर दूर है। खारून नदी 6 कि.मी. एवं [illegible] नाला 1.5 कि.मी. दूर है।

- परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 किलोमीटर की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, इकोलॉजिकली सेंसिटिव अधिसूचित क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

3. **भू-स्वामित्व** – प्रस्तुतिकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि प्लॉट नं. 30 एवं 38, क्षेत्रफल 1.94 एकड़ (0.78 हेक्टेयर) सी.एस.आई.डी.सी. द्वारा आवंटित किया गया है। सी.एस.आई.डी.सी. से आवंटन की प्रति प्रस्तुत नहीं की गई है।

4. लेण्ड यूसेज स्टेटमेंट –

S.No.	Land use	Area (in SQM)	Area (%)
1.	Builtup Area	5,409.51	68.8
2.	Open Land / Parking Area	1,507	19.2
3.	Greenbelt Area	936	12
	Total	**7,852.51**	**100**

5. रॉ-मटेरियल –

S. No	Input	Existing Quantity (TPA)	Proposed Quantity (TPA)	Source	Transport
1.	MS Billets	31,200	30,578	Open Market	By road through covered trucks
2.	Coal	4,000	3,520		

6. स्थापित एवं प्रस्तावित इकाईयों संबंधी जानकारी –

S. No.	Particular	Existing	After Expansion
1.	Unit	Re-heating Rolling Mill	Reheating Rolling Mill
2.	Products	Re-rolled products – 30,000 TPA	Re-rolled products – 59,400 TPA

Note: Existing Coal Gasifier based reheating furnace rolling mill shall not be changed and capacity expansion shall be achieved only by increasing working hours of reheating furnace from 8 Hrs per day to 16 Hrs per day without any change in plant & machineries.
But there will be more consumption of raw material, power, water and labour which will have impact on environment, more solid waste will be produced. More area will be required to raise greenbelt.

7. **वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – वर्तमान में री-हीटिंग फर्नेस आधारित रोलिंग मिल में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु स्क्रबर एवं 30 मीटर ऊंचाई की 2 नग चिमनी स्थापित है। प्रस्तावित कार्यकलाप हेतु उक्त व्यवस्था का उपयोग किया जाएगी। प्रस्तावित कार्यकलाप उपरांत चिमनी से पार्टिकुलेट मैटर का उत्सर्जन 50 मिलिग्राम/सामान्य घनमीटर से कम एवं 30 मिलिग्राम/सामान्य घनमीटर तक प्राप्त प्रस्तावित है। फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन नियंत्रण हेतु जल छिड़काव की व्यवस्था है। यही व्यवस्था प्रस्तावित कार्यकलाप हेतु भी अपनाई जाएगी।

8. **ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था** – वर्तमान में रोलिंग मिल से एण्ड कटिंग – 960 टन प्रतिवर्ष एवं ऐश – 320 टन प्रतिवर्ष अपशिष्ट के रूप में उत्पन्न होता है। प्रस्तावित कार्यकलाप के उपरांत रोलिंग मिल से एण्ड कटिंग – [illegible] टन

प्रतिवर्ष एवं ऐश – 319 टन प्रतिवर्ष अनुमानित के रूप में उत्पन्न होगा। वर्तमान में उत्पन्न स्लैग को प्लांट में री-साइक्लिंग के रूप में पुनः उपयोग एवं ऐश को ईंट निर्माण इकाई को उपलब्ध कराया जाता है। यही व्यवस्थायें प्रस्तावित क्षमता विस्तार हेतु अपनाई जायेगी।

9. **जल प्रबंधन व्यवस्था –**

- **जल आवश्यकता एवं स्त्रोत** – वर्तमान में परियोजना हेतु कुल 13.5 घनमीटर प्रतिदिन (औद्योगिक उपयोग हेतु 8 घनमीटर प्रतिदिन, घरेलू उपयोग हेतु 2.5 घनमीटर प्रतिदिन एवं ग्रीन बेल्ट हेतु 3 घनमीटर प्रतिदिन) उपयोग किया जाता है। प्रस्तावित क्षमता विस्तार उपरांत परियोजना हेतु कुल 28.5 घनमीटर जल प्रतिदिन (औद्योगिक उपयोग हेतु 18.5 घनमीटर प्रतिदिन, घरेलू उपयोग हेतु 3 घनमीटर प्रतिदिन एवं ग्रीन बेल्ट हेतु 7 घनमीटर प्रतिदिन) का उपयोग किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में जल की आपूर्ति भू-जल से की जाती है एवं प्रस्तावित क्षमता विस्तार हेतु जल की आपूर्ति भू-जल से किया जाना प्रस्तावित है। भू-जल की उपलब्धता (28 घनमीटर प्रतिदिन) हेतु केन्द्रीय भूजल अथॉरिटी से दिनांक 08/11/2023 तक की अवधि हेतु अनुमति प्राप्त की गई है।

- **जल प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – औद्योगिक प्रक्रिया से दूषित जल उत्पन्न होता है। इंडक्शन फर्नेस के कूलिंग उपरांत प्राप्त दूषित जल को ठंडा कर पुनः कूलिंग हेतु उपयोग में लाया जाता है। यही व्यवस्था प्रस्तावित क्षमता विस्तार हेतु अपनाई जायेगी। वर्तमान में घरेलू दूषित जल के उपचार हेतु सेप्टिक टैंक एवं सोकपिट निर्माण किया गया है। प्रस्तावित क्षमता विस्तार उपरांत घरेलू दूषित जल की मात्रा 2.4 घनमीटर प्रतिदिन होगी, जिसके उपचार हेतु सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना प्रस्तावित है। शून्य निस्त्रावण की स्थिति रखी जाती है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (प्रोसेस फ्लो चार्ट सहित) जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है।

- **भू-जल उपयोग प्रबंधन** – परियोजना स्थल केन्द्रीय भूजल बोर्ड के अनुसार क्रिटिकल ज़ोन में आता है। जिसके अनुसार:-

  (अ) उद्योग एवं खनन परियोजनाओं को कम से कम 80 प्रतिशत दूषित जल का पुनःचक्रण एवं पुनःउपयोग किया जाना है।

  (ब) भूगर्भ जल निकासी हेतु अपनाई गई तकनीक तथा रेनवाटर हार्वेस्टिंग /आर्टिफिशियल जल रिचार्ज के आधार पर भू-जल निकाले जाने की अनुमति केन्द्रीय भूजल बोर्ड द्वारा दिये जाने का प्रावधान है। अतः उद्योग द्वारा परिसर में रेनवाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था की जाना आवश्यक है।

- **रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था** – उद्योग परिसर में वर्षा जल का कुल उपलब्धि 6,286 घनमीटर है। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था के अंतर्गत कुछ पिट निर्मित किया गया है। प्रस्तावित रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था पश्चात् परिसर के पूर्ण उपयोग को रिचार्ज किया जा सकेगा। सभी रिचार्ज स्ट्रक्चर्स इस प्रकार निर्मित किए जाएंगे कि इससे अधिकतम मात्रा में वर्षा जल का संग्रहण हो सके।

10. **विद्युत आपूर्ति स्त्रोत** – परियोजना हेतु कुल 3,380 के.वी.ए. विद्युत की आवश्यकता होगी। विद्युत की आपूर्ति छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी

निर्मित हो रही जाती है। प्रस्तुतीकरण के दौरान बताया गया कि वैकल्पिक व्यवस्था हेतु डी.जी. सेट का उपयोग किया जाता है। परन्तु उनके द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था हेतु डी.जी. सेट की क्षमता नहीं बताई गई है।

11. **वृक्षारोपण संबंधी जानकारी** – उद्योग में हरित पट्टिका के विकास हेतु कुल क्षेत्रफल 0.0606 हेक्टेयर (12 प्रतिशत) क्षेत्र में पौधे रोपित किया गया है, जो आवश्यक कम है। जबकि परिसर के भीतर 40 प्रतिशत क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जाना आवश्यक है। इस परिप्रेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुतीकरण के दौरान बताया गया कि शेष 28 प्रतिशत क्षेत्र में वृक्षारोपण का कार्य भूमि खसरा क्रमांक 190/3, 190/4, 191/3 एवं 191/4 ग्राम–अटारी, जिला–रायपुर, क्षेत्रफल 0.4?? हेक्टेयर में किया जाएगा। उक्त भूमि को परियोजना प्रस्तावक द्वारा भी आवेदित योजना से 11 वर्षों हेतु लीज में प्राप्त की गई है। उक्त के संबंध में समिति का मत है कि लीज अवधि की समाप्ति उपरांत वृक्षों की कटाई नहीं किये जाने के संबंध में भूमि धारक एवं लीज धारक का शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। साथ ही भूमि खसरा क्रमांक 190/3, 190/4, 191/3 एवं 191/4, ग्राम–अटारी, जिला–रायपुर का भू–स्वामित्व संबंधी दस्तावेज (बी–1, पी–2) प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

12. प्रस्तावित क्षमता विस्तार कार्यकलाप के उपरांत विनिर्माण की कुल लागत 2.87 करोड़ होना बताया गया है, जिसका ब्रेक–अप प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

13. प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि प्रस्तावित विस्तारीकरण हेतु इण्डक्शन-फर्नेस का उपयोग किया जाना बताया गया है। इण्डक्शन-फर्नेस की [illegible] हेतु एच.टी. कनेक्शन संबंधी जानकारी एवं इसकी उपयोग हेतु एग्रीमेंट की प्रति प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

समिति द्वारा सम्यक् सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था–

1. पार्टनरशिप डीड की प्रति प्रस्तुत की जाए।
2. विनिर्माण की कुल लागत का ब्रेक–अप प्रस्तुत किया जाए।
3. उद्योग में स्थापित इकाईयों हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जारी सम्मति शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की बिन्दुवार जानकारी प्रस्तुत की जाए।
4. सी.एस.आई.डी.सी. द्वारा अधिप्रमाणित भू–संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत की जाए।
5. चिमनी से पार्टिकुलेट मैटर का उत्सर्जन 50 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर से कम कर 30 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर से कम सुनिश्चित किये जाने बाबत् विस्तृत प्रस्ताव सहित जानकारी प्रस्तुत किया जाए।
6. भारी वाहनों / [illegible] हैवी वाहनों के आवागमन को सम्मिलित करते हुये ट्रैफिक अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाए। साथ ही क्षमता विस्तार के पूर्व तथा क्षमता विस्तार के उपरांत प्रदूषण भार का आंकलन का रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाए।
7. प्रस्तावित परियोजना उपरांत दूषित जल की मात्रा एवं उसके उपचार हेतु सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (प्रोसेस फ्लो चार्ट सहित) जानकारी प्रस्तुत किया जाए।
8. उद्योग में स्थापित इकाई एवं प्रस्तावित कार्यकलाप उपरांत एनर्जी बैलेंस, हीट बैलेंस, वॉटर बैलेंस एवं रॉ–मटेरियल बैलेंस प्रोसेस फ्लो चार्ट सहित जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

9. वायु, जल, पार्टिकुलेट मैटर के लिए आवधिक मॉनिटरिंग का वार्षिक डाटा प्रस्तुत किया जाए। साथ ही क्षमता विस्तार उपरांत प्रदूषण भार में वृद्धि की स्पष्ट जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

10. वेस्टवाटर व्यवस्था हेतु ई.टी.पी. प्लांट की क्षमता सहित एवं विस्तृत संबंधी जानकारी प्रस्तुत की जाए।

11. इन्सीनरेटर-कोयला की खपत/उपयोग हेतु, ऐश डिस्पोजल संबंधी जानकारी एवं इसके उपयोग हेतु एग्रीमेंट की प्रति प्रस्तुत किया जाए।

12. कोयला एनालिसिस रिपोर्ट एवं बेस लाइन मॉनिटरिंग डाटा प्रस्तुत किया जाए।

13. वृक्षारोपण किये जाने हेतु पौधों का रोपण, सुरक्षा हेतु फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख-रखाव के लिए 5 वर्षों का वर्षवार पर्यावरण व्यय का विवरण सहित विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

14. वृक्षारोपण किये जाने हेतु भूमि खसरा क्रमांक 190/3, 190/4, 191/2 एवं 191/4 ग्राम-अटारी, जिला-रायपुर का भू-स्वामित्व संबंधी दस्तावेज (बी-1, पी-2) प्रस्तुत किया जाए। साथ ही उक्त क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट डेवलपमेंट व्यवस्था के संबंध विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

15. परिसर में स्थापित एवं क्षमता विस्तार के पश्चात् प्रस्तावित वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था एवं ग्रीन बेल्ट डेवलपमेंट व्यवस्थाओं का विवरण (नक्शा एवं साईज सहित) प्रस्तुत की जाए।

16. सी.ई.आर. का विस्तृत प्रस्ताव एवं प्रस्तावित स्कूल के प्राचार्य (Principal) का सहमति पत्र प्रस्तुत किया जाए।

17. सी.ई.आर. के तहत् वृक्षारोपण हेतु पौधों का रोपण, सुरक्षा हेतु फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख-रखाव के लिए 5 वर्षों का वर्षवार पर्यावरण व्यय का विवरण सहित विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

18. प्रस्तावित कार्यविस्तार उपरांत उत्पादित फ्लाई ऐश को भिन्न-भिन्न ईंट निर्माण इकाई को प्रदाय किया जायेगा के संबंध जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

19. उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदनुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के पत्र दिनांक 11/03/2022 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा जानकारी/दस्तावेज दिनांक 14/03/2022 को प्रस्तुत किया गया है।

(ब) समिति की आगामी बैठक दिनांक 16/03/2022:

समिति द्वारा चर्चा, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. पर्यावरणीय सहमति की प्रति प्रस्तुत की गई है।
2. परियोजना की कुल लागत का ब्रेक-अप प्रस्तुत किया गया है।
3. परिसर में स्थापित इकाईयों हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जारी सम्मति शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की बिन्दुवार जानकारी प्रस्तुत की गई है।

4. छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के पत्र दिनांक 28/10/2008 द्वारा उद्योग को भू-आवंटन संबंधी दस्तावेज प्राप्त हुआ है।

5. चिमनी से पार्टिकुलेट मेटर का उत्सर्जन 50 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर से कम कर 30 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर से कम सुनिश्चित किये जाने बाबत् विस्तृत गणना सहित जानकारी प्रस्तुत की गई है, जिसके अनुसार वर्तमान में पार्टिकुलेट मेटर उत्सर्जन की मात्रा 8.64 टन प्रतिवर्ष है। प्रस्तावित क्षमताविस्तार उपरांत पार्टिकुलेट मेटर उत्सर्जन की मात्रा 5.26 टन प्रतिवर्ष होगी।

6. भारी वाहनों / कन्टेनरयुक्त हैवी वाहनों के आवागमन को सम्मिलित करते हुये ट्रैफिक अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है।

7. प्रस्तावित परियोजना उपरांत दूषित जल की मात्रा 2.4 घनमीटर प्रतिदिन एवं उसके उपचार हेतु 5 घनमीटर प्रतिदिन क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (प्रोसेस फ्लो चार्ट सहित) स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के अंतर्गत बार स्क्रीन चैंबर, इक्वेलाइजेशन टैंक, एफ्लुएंट टैंक, सेडिमेन्टेशन टैंक, क्लोरिनेशन कॉन्टैक्ट टैंक, प्रेशर सैंड फिल्टर, एक्टिवेटेड कार्बन फिल्टर एवं ट्रीटेड वाटर टैंक स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।

8. वर्तमान में स्थापित इकाई एवं प्रस्तावित क्षमताविस्तार उपरांत वॉटर बैलेंस एवं री-साइक्लिंग बैलेंस प्रस्तुत की गई है। एनर्जी बैलेंस एवं हीट बैलेंस की जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है।

9. वायु, जल, पार्टिकुलेट मेटर के लिए ऑनलाइन मॉनिटरिंग का वार्षिक डाटा प्रस्तुत किया गया है। साथ ही क्षमता विस्तार उपरांत प्रदूषण भार में वृद्धि की स्पष्ट जानकारी प्रस्तुत की गई है।

10. विद्युत आवश्यकता हेतु 1 नग 50 के.व्ही.ए. का डी.जी. सेट स्थापित किया जायेगा।

11. इम्पोर्टेड-कोयल की कैलोरिफिक वैल्यु, ऐश कन्टेन्ट संबंधी जानकारी एवं इसके उपयोग हेतु एग्रीमेंट की प्रति प्रस्तुत की गई है।

12. कोल एनालिसिस रिपोर्ट एवं बेस लाईन मॉनिटरिंग डाटा प्रस्तुत किया गया है।

13. परियोजना प्रस्तावक द्वारा वृक्षारोपण किये जाने हेतु पौधों का चयन, सुरक्षा हेतु फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख-रखाव के लिए 3 वर्षों का बजट विवरण प्रस्तुत किया गया है। परन्तु वर्षवार विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया है।

14. शेष 33 प्रतिशत क्षेत्र में वृक्षारोपण किये जाने हेतु भूमि खसरा क्रमांक 190/3, 190/4, 191/3 एवं 191/4 ग्राम-[illegible], जिला-रायपुर का भू-स्वामित्व संबंधी दस्तावेज (बी-1, पी-2) प्रस्तुत की गई है। 30 वर्षों की अवधि पर्यन्त उपयोग की वृक्षों की कटाई नहीं किये जाने के संबंध में भूमि धारक एवं उद्योग धारक का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है। साथ ही उक्त क्षेत्र में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था के संबंध विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया है।

15. वर्तमान में स्थापित एवं क्षमता विस्तार के उपरांत प्रस्तावित ग्राउंड वाटर रिचार्ज व्यवस्थाओं एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्थाओं का विवरण (नक्शा एवं साईज सहित) प्रस्तुत नहीं किया गया है।

16. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:-

Additional Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
287	2%	5.74	Following activities at Nearby Government Schools & **Village - Baroda**	
			Running Water Facility for Toilets at school	1.40
			Plantation with Fencing at village	4.32
			Total	**5.72**

17. इसके अतिरिक्त परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. के तहत ग्राम भूरा में 40,000 रूपये वृक्षारोपण, ग्राम बरोदा में 1.50 लाख रूपये रेन वॉटर हार्वेस्टिंग एवं 33,000 रूपये सेनिटेशन फेसिलिटी में व्यय किया गया।

18. प्रस्तावित स्कूल के प्राचार्य (Principal) का सहमति पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है।

19. वृक्षारोपण कार्य हेतु ग्राम पंचायत बरोदा का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

20. सी.ई.आर. के तहत वृक्षारोपण हेतु पौधों का रोपण, सुरक्षा हेतु फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख-रखाव के लिए 5 वर्षों का व्यावहारिक पंचवर्षीय व्यय का विवरण सहित विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

21. प्रस्तावित [illegible] उपरांत अधिक [illegible] 50-60 टी.पी.एम. को भी पूर्ण [illegible] को प्रदान किये जाने के संबंध जानकारी प्रस्तुत की गई है।

समिति द्वारा तत्पश्चात् सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:-

1. भारी धातुओं / रेडियोएक्टिव जैसे तत्वों के आकलन को समाहित करते हुए टॉक्सिक अध्ययन रिपोर्ट (टी.सी.एल.पी.) प्रस्तुत किया जाए। साथ ही प्रस्ताव विस्तार के पूर्व तथा प्रस्ताव विस्तार के पश्चात प्रदूषण भार का आकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाए।

2. संयंत्र में स्थापित इकाई एवं प्रस्तावित [illegible] उपरांत मटेरियल बैलेंस एवं हीट बैलेंस की जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

3. वृक्षारोपण किये जाने हेतु पौधों का रोपण, सुरक्षा हेतु फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख-रखाव के लिए 5 वर्षों का वास्तविक विवरण प्रस्तुत किया जाए।

4. भूमि खसरा क्रमांक 190/3, 190/4, 191/3 एवं 191/4 ग्राम-बरोदी, जिला-रायपुर में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की स्थापना के संबंध में नक्शा का विस्तृत प्रस्ताव सहित जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

5. परिसर के भीतर उद्योग में स्थापित एवं प्रस्तावित विस्तार के तहत प्रस्तावित [illegible] सिंचाई व्यवस्थाओं एवं रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्थाओं का विवरण (नक्शा एवं साईज सहित) प्रस्तुत किया जाए।

6. प्रस्तावित स्कूल के प्राचार्य (Principal) का सहमति पत्र प्रस्तुत किया जाए।
7. सी.ई.आर. के तहत वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित राशि रूपये 4.32 लाख (पौधों का रोपण, सुरक्षा हेतु फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख-रखाव के लिए 5 वर्षों) को छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम या रायपुर नगर निगम में जमा करके समिति को सूचित किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 25/04/2022 के संदर्भ में परियोजना प्रस्तावक द्वारा जानकारी/दस्तावेज दिनांक 03/08/2022 को प्रस्तुत किया गया है।

(ब) समिति की 427वीं बैठक दिनांक 24/08/2022:

समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्नानुसार स्थिति पाई गई कि–

1. स्थापित परियोजना हेतु 4 ट्रक प्रतिदिन एवं क्षमता विस्तार उपरांत 8 ट्रक प्रतिदिन आवागमन हेतु आवश्यकता होगी। परंतु भारी वाहनों / सार्वजनिक हैवी वाहनों के आवागमन को समायोजित करने हेतु ट्रैफिक अध्ययन रिपोर्ट (पी.सी.यू.) प्रस्तुत नहीं किया गया है।
2. क्षमता विस्तार के पूर्व तथा क्षमता विस्तार के उपरांत प्रदूषण भार का आकलन का रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया है, जिसके अनुसार वर्तमान संयंत्र में पार्टिकुलेट मैटर का उत्सर्जन 30 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर से कम सुनिश्चित किये जाने से कुल उत्सर्जन की मात्रा 8.64 टन प्रतिवर्ष है। प्रस्तावित उच्च दक्षता का संयंत्र एवं चिमनी से पार्टिकुलेट मैटर का उत्सर्जन 30 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर से कम सुनिश्चित किये जाने के बाद उत्सर्जन की मात्रा 6.26 टन प्रतिवर्ष होगी।
3. संयंत्र में स्थापित इकाई एवं प्रस्तावित क्षमतावृद्धि उपरांत हीट बैलेंस की स्पष्ट/वांछित जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है।
4. कुल 850 नग वृक्षारोपण 3 वर्षों में किया जाना बताया गया है। परंतु व्ययवार विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया है। समिति का मत है कि पौधों का रोपण, सुरक्षा हेतु फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख-रखाव के लिए 3 वर्षों का व्ययवार विवरण प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
5. भूमि खसरा क्रमांक 190/3, 190/4, 191/3 एवं 191/4 ग्राम-[illegible], जिला-रायपुर में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था के अंतर्गत वर्षा जल का कुल रनऑफ [illegible] घनमीटर होगी। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था के अंतर्गत 2 नग रिचार्ज स्ट्रक्चर (लंबाई 4 मीटर, चौड़ाई 3 मीटर, गहराई 2.5 मीटर) निर्मित किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था पश्चात परिसर के पूर्ण रनऑफ को रिचार्ज किया जा सकेगा। सभी रिचार्ज स्ट्रक्चर्स इस प्रकार निर्मित किए जाएंगे कि इनमें स्वच्छ मात्रा में वर्षा जल का बहाव हो सके।
6. परिसर के भीतर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था के अंतर्गत 3 नग रिचार्ज पिट निर्मित किया जाना है। परंतु नक्शा एवं डिजाइन सहित जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है। समिति का मत है कि परिसर के भीतर संयंत्र में स्थापित एवं क्षमता विस्तार के उपरांत प्रस्तावित बाउंड्री वाल रिचार्ज आवश्यकता एवं रेन वॉटर

प्रस्तावित व्यवस्थाओं का विवरण (फोटो एवं साईट सहित) प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

7. प्रस्तावित स्कूल के प्राचार्य (Principal) का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है।
8. सी.ई.आर. के तहत् क्रियान्वयन हेतु प्रस्तावित राशि रूपये 4.32 लाख को छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम द्वारा प्रस्तुत आदेश पत्र में दिनांक 16/06/2022 को उक्त प्रस्ताव सहमति प्रति प्रस्तुत की गई है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:-

1. भारी वाहनों / कल्टीवेशन हैवी वाहनों के आवागमन को समायोजित करते हुये ट्रैफिक अध्ययन रिपोर्ट (टी.एस.यू) प्रस्तुत किया जाए।
2. उद्योग से उत्सर्जित ऊष्मा एवं प्रस्तावित इलेक्ट्रिकल उपकरण हीट बैलेंस की स्पष्ट/संशोधित जानकारी प्रस्तुत किया जाए।
3. वृक्षारोपण के तहत् पौधों का रोपण, सुरक्षा हेतु फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख-रखाव के लिए 3 वर्षों का व्ययवार विवरण प्रस्तुत किया जाए।
4. परियोजना के भीतर उद्योग से उत्सर्जित एवं समस्त निकास के तहत् प्रस्तावित धारक वायु निकासी व्यवस्थाओं एवं रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्थाओं का विवरण (फोटो एवं साईट सहित) प्रस्तुत किया जाए।
5. परियोजना के भिन्न-भिन्न स्थानों के बहुविदित ध्वनि उत्सर्जन होगा, इन स्थानों पर निर्धारित जल छिड़काव की व्यवस्था किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।
6. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाए कि उनके विरुद्ध इस परियोजना से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जावेगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के पत्रक दिनांक 28/09/2022 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 06/01/2023 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(ट) समिति की 448वीं बैठक दिनांक 24/01/2023:

समिति द्वारा चर्चा, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. भारी वाहनों / कल्टीवेशन हैवी वाहनों के आवागमन को समायोजित करते हुये ट्रैफिक अध्ययन रिपोर्ट (टी.एस.यू) प्रस्तुत किया गया है, जिसके अनुसार री-कार्पेटिंग एवं सिविलिंग सोडकर का परिवहन ट्रकों के माध्यम से किया जायेगा। इस बाबत् कुल 88 टी.एस.यू की आवश्यकता होगी।
2. उद्योग से उत्सर्जित ऊष्मा एवं प्रस्तावित इलेक्ट्रिकल उपकरण हीट बैलेंस की स्पष्ट/संशोधित जानकारी के संबंध में निम्न तालिका प्रस्तुत किया गया है:-

Input/Output	Particular	Percentage	KVA
Heat Input	From transformer	100%	3,280
	IF	90%	2,952

	Heat transfer to		
Heat Output	Reheating Furnace and coal gasifier system	95%	2,805
	Cooling system	3.0%	88.5
	Other Losses	2.0%	59.0
Total		100%	2,952

3. वृक्षारोपण के तहत प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार पौधों के लिए राशि 88,800 रुपये, फेंसिंग के लिए राशि 2,12,800 रुपये, खाद के लिए राशि 8,880 रुपये, सिंचाई तथा रख–रखाव के लिए राशि 88,800 रुपये, इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल राशि 3,98,880 रुपये एवं आगामी 4 वर्ष में कुल राशि 8,01,780 रुपये हेतु पौधारोपण व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है।

4. प्रस्तावित कार्यस्थल उत्पादन परिसर में वर्षा के पानी का कुल रनऑफ 2,334 घनमीटर है। प्रस्तावित कार्यस्थल उत्पादन रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था के अंतर्गत 3 नग रिचार्ज स्ट्रक्चर (लम्बाई 4 मीटर, चौड़ाई 3 मीटर एवं गहराई 2.5 मीटर) निर्मित किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था पश्चात् परिसर के पूर्ण रनऑफ को रिचार्ज किया जा सकेगा। सभी रिचार्ज स्ट्रक्चर्स इस प्रकार निर्मित किये गये कि इनसे समस्त मात्रा में वर्षा जल का बहाव हो सके।

5. परियोजना के भिन्न–भिन्न स्थलों से प्रदूषित जल उत्पन्न होगा, उन स्थलों पर नियंत्रित जल निकासी की व्यवस्था किये जाने बावत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

6. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का अण्डरटेकिंग (undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरुद्ध इस परियोजना से संबंधित कोई न्यायालीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

7. समिति द्वारा यह पाया गया कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक का.आ. 3250(अ), दिनांक 20/07/2022 के अनुसार "स्टैंड अलोन री-रोलिंग इकाईयां या कोल्ड रोलिंग इकाईयां, जिनकी क्षमता 3,000 टन प्रतिवर्ष से अधिक हो" को टी.ओ.आर. हेतु आवेदन किया जाना आवश्यक है। अतः समिति का मत है कि प्रकरण विचार के तहत् रि-हीटिंग फर्नेस आधारित रोलिंग मिल क्षमता–30,000 टन प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 84,000 टन प्रतिवर्ष के लिए टी.ओ.आर. हेतु आवेदन किये जाने के उपरान्त ही कार्यवाही किया जाना संभव है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–

1. भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक का.आ. 3250(अ), दिनांक 20/07/2022 के अनुसार "स्टैंड अलोन री-रोलिंग इकाईयां या कोल्ड रोलिंग इकाईयां, जिनकी क्षमता 3,000 टन प्रतिवर्ष से अधिक होने के कारण टी.ओ.आर. में आवेदन किये जाने उपरान्त आगामी कार्यवाही किया जाए।

2. परियोजना प्रस्तावक के आवेदन को डि-लिस्ट / निरस्त किये जाने की अनुशंसा की गई तथा ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 2006 (यथा संशोधित) के तहत् पालन करते हुए पुनः आवेदन करने की अनुशंसा की गई।

3. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अपेक्षित प्रपत्रों को टी.ओ.आर. प्राप्त करने हेतु पुनः ऑनलाईन आवेदन किये जाने के पश्चात् उपलब्धता के आधार पर प्रस्तुतीकरण में बुलाया जाएगा।

राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदनुसार सूचित किया जाए।

4. मेसर्स एस.के.जे. बायोफ्यूल प्राईवेट लिमिटेड, एन.एच.-30, ग्राम–कुरदाहा एवं रामपुर, तहसील–बोडला, जिला–कबीरधाम (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1525)

ऑनलाईन आवेदन – पूर्व में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/सीजी/एमआईएन/59925/2021, दिनांक 20/07/2021 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के लिए आवेदन किया गया था। वर्तमान में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/सीजी/आईएनडी2/258587/2022, दिनांक 25/02/2022 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति में संशोधन हेतु आवेदन किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – परियोजना प्रस्तावक द्वारा तहसील–बोडला, जिला–कबीरधाम, ग्राम–रामपुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 1/2, 2, 3/1, 3/2, 4, 5 एवं ग्राम–कुरदाहा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 82/1 तथा 82/4, कुल क्षेत्रफल – 97.125 वर्गमीटर (24 एकड़) में न्यू मोलासेस क्षमता – 60 किलोलीटर प्रतिदिन (एनहाईड्रस एल्कोहल (इथेनॉल) / रेक्टिफाइड स्प्रिट / एक्स्ट्रा न्यूट्रल एल्कोहल उत्पादन हेतु) **के स्थान पर** न्यू मोलासेस / ग्रेन बेस्ड डिस्टिलरी क्षमता – 60 किलोलीटर प्रतिदिन (एनहाईड्रस एल्कोहल (इथेनॉल) / रेक्टिफाइड स्प्रिट / एक्स्ट्रा न्यूट्रल एल्कोहल उत्पादन हेतु) करने के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति में संशोधन हेतु आवेदन किया गया है। परियोजना के निवेश की कुल लागत 141.28 करोड़ होगी।

एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 1354/एस.ई.आई.ए.ए.छ.ग./ईसी/1525 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 28/09/2021 द्वारा मेसर्स एस.के.जे. बायोफ्यूल प्राईवेट लिमिटेड, तहसील–बोडला, जिला–कबीरधाम, ग्राम–रामपुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 1/2, 2, 3/1, 3/2, 4, 5 एवं ग्राम–कुरदाहा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 82/1 तथा 82/4, कुल क्षेत्रफल – 97.125 वर्गमीटर (24 एकड़) में न्यू मोलासेस बेस्ड डिस्टिलरी क्षमता – 60 किलोलीटर प्रतिदिन (एनहाईड्रस एल्कोहल (इथेनॉल) / रेक्टिफाइड स्प्रिट / एक्स्ट्रा न्यूट्रल एल्कोहल उत्पादन हेतु) हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किया गया।

तदनुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 19/04/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की आयोजित बैठक दिनांक 25/04/2022:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री राजेश चौहान, डॉयरेक्टर उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति में निम्न संशोधन चाहा गया है–

EC Reference	Existing	Amendment	Justification
Point 6. Raw Material (Page No. 3)	Molasses-C: 297 TPD **Or** Molasses-B heavy: 258 TPD **Or** Syrup (45-50° Brix): 315 TPD **Source:** From BSSUKM sugar factory + Remaining molasses will be purchased from nearby sugar factories and other vendors in raw material also involved N,P – 120 kg/day turkey red oil (TRO) – 400 Kg/D	Molasses-C: 297 TPD **Or** Molasses-B heavy: 258 TPD **Or** Syrup (40-50° Brix): 315 TPD **Source:** From BSSUKM sugar factory – Remaining molasses will be purchased from nearby sugar factories and other vendors Or Grains (Broken rice/ FCI rice), Maize, Sorghum: 180 TPD Source: Nearby open market in raw material also involved N, P – 120 kg/day & turkey red oil (TRO) – 400 Kg/D. In case of grain additional raw material Amylase 60 kg/day and Amyl glucosidase 80 kg/day involved	In case of nonavailability of Raw material (Molasses-C / B-heavy / Syrup) from the BSSUKM and nearby sugar mills, the distillery will be operated on waste grains as feedstock. Distillery unit will install all the necessary arrangements to achieve Zero liquid discharge (ZLD)
8. Water Quality Monitoring and Preservation, point- vi	Raw spent wash generation from molasses-based distillery shall not exceed 08 liter per liter of alcohol produce. The concentrated spent wash generated from Multi-effect Evaporator shall be burnt in incinerator boiler. Spent less and process condensate shall be treated in effluent treatment plant (equalization tank, neutralization tank, primary clarification, anaerobic treatment, aerobic treatment, secondary clarification, activated carbon filter, ultrafiltration, sodium hypochlorite for disinfection). Treated water shall be recycled in the process. Domestic waste water shall be treated in Sewage Treatment plant and the treated effluent shall be used in plantation and dust suppression purposes after proper disinfection.	Raw spent wash generation from distillery shall not exceed 08 liter per liter of alcohol produce. a) In case of molasses/syrup based process: The spent wash generated from distillery unit shall treated in Bio-methanation unit followed by Multieffect Evaporator followed by making of spent wash powder in spray dryer. b) In case of Grain based process: Stillage/spent wash generated in process shall be treated through decantation followed by multiple effect evaporation (MEE) followed by Drying – converting to Cattle feed. c) Other low strength effluent: Spent less and process condensate shall be treated in effluent treatment plant	a) For molasses based process: Due to change in ZLD scheme (biomethanation followed by evaporation followed by dryer system). Biogas will be generated from effluent, which will reduce the fuel requirement of distillery or it will be converted in CBG (compressed bio gas which is a substitute to LPG). Distillery spent wash will be converted to powder form in spray dryer. SW powder is rich in potassium, nitrogen, phosphorus etc. therefore it is good for soil enrichment. SW powder contains 12-15% of potash, therefore, it will be sold to fertilizer manufacturing unit. b) For grain-based distillery: In case of nonavailability of raw material

		neutralization tank, neutralization tank, primary clarification, anaerobic treatment, aerobic treatment, secondary clarification, activated carbon filter, ultra-filtration, sodium hypochlorite for disinfection). Treated water shall be recycled in the process. d) Sewage: Domestic waste water shall be treated in sewage treatment plant and the treated effluent shall be used in plantation and dust suppression purposes after proper disinfection.	(Molasses C heavy/ B heavy/ Syrup) from the SSSL/KM and nearby sugar mills, the distillery will be operated on waste grains as feedstock. In the case to achieve ZLD Slop/spent wash generated in process shall treated through decantation followed by multiple effect evaporation (MEE) followed by drying - converting to cattle feed.

2. जल एवं वायु सम्मति – छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर से [illegible] हेतु जल एवं वायु सम्मति दिनांक 08/03/2022 को जारी की गई है।

3. जल प्रबंधन व्यवस्था –

Description	C-Heavy (m^3/day)	B-Heavy (m^3/day)	Syrup (m^3/day)	Grain (m^3/day)
Water Input				
Process water for fermentation & CO_2 Scrubber	700	688.5	432	**669**
Boiler feed water @24 TPH (capacity 30 MT/Hr)	577.5	483.5	400	**593**
Soft water for vacuum pump & others	100	100	100	**100**
For cooling towers makeup water	600	520	274	**445**
Other domestic usage	10	10	10	**10**
Daily utilize washing & others	88.5	156.5	94	**68**
Total water Input at Start-up	**2,076**	**1,958.5**	**1,310**	**1,885**
Water Output				
Spent lees (PR & Rect.)	120	120	120	**120**
Soft water for vacuum pump & others	100	100	100	**100**
Exhaust condensate	550	460.5	380	**480**
Process condensate	480	534	216	**383**
Soft water for vacuum pump & others	100	100	100	**122**
Total Water Output	**1,250**	**1,314.5**	**916**	**1,205**
Water loss				

CT Evaporation & drift losses	602	520	274	**445**
Domestic consumption losses	10	10	10	**10**
Boiler blow down & steam loss (to CPU)	27.5	23	20	**20**
Daily washing & others (Sent to CPU)	96.5	91	90	**90**
Total Water Loss	**736**	**644**	**394**	**565**
Recycle Streams				
Less recycle for RS dilution (after CPU)	120	120	120	**120**
Process condensate (after CPU)	547.55	534	216	**383**
Steam condensate recycled to boiler	550	460.5	380	**480**
Soft water for vacuum pump & others cooling water	100	100	100	**100**
Other effluent like boiler blow down, flower washing & WTP reject	133	185.5	114	**122**
Total recycling / re-utilization of water per day	**1,450.55**	**1,399.5**	**930**	**1,205**
Total Daily water requirement / input	**625**	**586**	**388**	**480**

4. जैव मीथेन एवं स्पेंट वॉश अपशिष्ट व्यवस्था –

Raw Material	**C-Heavy**	**B-Heavy**	**Syrup**	**Grain**
Total Daily water requirement / input (m^3/day)	625	586	380	480
The fresh water requirement per lit of Alcohol including domestic water	7.81 lit/ lit of RS	7.32 lit/ lit of RS	4.75 lit/ lit of RS	6.0 lit/ lit of RS
Concentrated spent wash dry at spray dryer (m^3/day)	92.44 Sold as fertilizer	70 Sold as fertilizer	34 Sold as fertilizer	42.6 Sold as cattle feed

Water Balance has been revised for amendment, minimum water requirement is 4.75 lit/ lit of RS and maximum water requirement is 7.81 lit/ lit of RS.
 # The water requirement is reduced and it is below 8 lit/ lit of RS.

5. ठोस कार्बनिक अपशिष्ट व्यवस्था –

Waste	**Quantity**	**Disposal**	**Remark**
Yeast Sludge	25-27 TPA	Used as soil enriching material	Organic
Cattle feed	42.6 TPD	Will be used as Cattle feed	Organic
Boiler ash	53.225 TPD	Sold to brick manufacturing units	Inorganic
Distillery Condensate Polishing Unit (CPU) Sludge	38-42 TPA	Mixed with soil	Organic/ Inorganic
Spent wash Powder	43.78 TPD	Given to fertilizer manufacturing units	Organic/ Inorganic
DG set spent oil	1-1.5	Will be given to	HW

	KL/annum	authorised recycler	(ref 5.1)
Due to Changed scheme of ZLD, spent wash will be converted into powder, and sold to fertilizer manufacturing unit and when grains are used as feedstock slop/spent wash will be converted into dry powder through dryer and it is used as cattle feed.			

6. **वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – 05 नग मल्टीसाइक्लोन बैग फिल्टर बॉयलर क्षमता 30 टीपीएच स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। फ्यूजिटिव उत्सर्जन हेतु मल्टीसाइक्लोन विधि के साथ वाटर स्प्रिंकलर लगाया जाना प्रस्तावित है। कोयला स्टोरेज एरिया / यार्ड में वाटर स्प्रिंकलर व्यवस्था स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। कोयला हैण्डलिंग क्षमता **7 टीपीएच** स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। मल्टीसाइक्लोन फ्यूजिटिव हैण्डलिंग सिस्टम, लोडिंग / अनलोडिंग में डस्ट सक्शन की व्यवस्था की जायेगी। स्टीम लगभग 1864 टन प्रतिदिन (140 ... प्रतिदिन), **कोयला लगभग 102 टन प्रतिदिन / बगास लगभग 245 टन प्रतिदिन** का उपयोग ईंधन के रूप में किया जाएगा। यदि बगास किसी कारणवश प्राप्त नहीं होने पर कोयला / राईस हस्क का उपयोग किया जाएगा। पार्टिकुलेट मैटर उत्सर्जन नियंत्रण हेतु बॉयलर में ई.एस.पी. की स्थापना एवं चिमनी की ऊंचाई 67 मीटर रखा जाना प्रस्तावित है। किण्वन (Fermentation) इकाई में कार्बन डाईऑक्साइड रिकवरी संयंत्र स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। [illegible] के माध्यम से स्टीम व्यवस्था में परिवर्तन कर समस्त इकाई को प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। [illegible] की चिमनी में ऑनलाइन कंटिन्युअस इमिशन मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।

7. **विद्युत आपूर्ति स्रोत** – परियोजना अंतर्गत 1.80 मेगावॉट के स्थान पर 3.2 मेगावॉट विद्युत की आवश्यकता होगी। विद्युत की आपूर्ति हेतु 30 टन प्रतिघंटा क्षमता के बॉयलर से प्राप्त हाई प्रेशर स्टीम का उपयोग 03 मेगावाट क्षमता के स्थान पर 3.2 मेगावाट क्षमता के टर्बो जनरेटर से विद्युत उत्पादन की जाएगी। टर्बो जनरेटर से प्राप्त लो प्रेशर स्टीम को डिस्टलरी इकाई में विभिन्न कार्यों हेतु उपयोग किया जाएगा। वैकल्पिक व्यवस्था हेतु 2 नग डीजी सेट (1,000 केवीए एवं 500 केवीए) की स्थापना की जाएगी। उल्लेखनीय यह बात है कि प्रस्तावित डी.जी. सेट की संख्या, क्षमता की जानकारी एवं केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित ऊंचाई की चिमनी स्थापित किया जाना आवश्यक है।

8. समिति के संज्ञान में यह तथ्य आया कि मोलासेस/ग्रेन बेस्ड आधारित डिस्टिलरी यूनिट की स्थापना किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः डिस्टिलरी यूनिट की स्थापना के संबंध में भारत सरकार, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, नई दिल्ली तथा भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अधिसूचना जारी की गई है।

- भारत सरकार, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 04/06/2018 में निम्न प्रावधानों का उल्लेख है–

  "देश में जैव ईंधन के उत्पादन के लिए उपलब्ध घरेलू कच्चे माल के रूप में निम्न पदार्थ उपलब्ध हैं, **इथेनॉल उत्पादन के लिए**: बी-शीरा, गन्ने का रस, फसल के रूप में बायोमास, **कृषि अवशेष (चावल का पुआल, कपास की डंठल, मक्का के कोब, लकड़ी का बुरादा, खोई इत्यादि)**, शक्कर

युक्त सामग्री, जैसे चुकन्दर, मीठा ज्वार इत्यादि और स्टार्च युक्त सामग्री जैसे मक्का, कसावा, सड़ा हुआ आलू आदि, अनाज जैसे गेहूं, टूटे चावल इत्यादि के खराब होने जो कि खाने योग्य नहीं हो, अधिशेष के समय अनाज के साथ, सेल्युलोज युक्त फीडस्टॉक और समुद्री शैवाल जो कोई भी एथेनॉल उत्पादन के लिए एक संभावित फीडस्टॉक हो सकती है।

- भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 13/06/2022 में निम्न प्रावधानों का उल्लेख है:-

  "(क) इस अनुसूची की मद 5(छ) में आने वाली परियोजनाओं के सिवाय,

  (ख) परियोजना प्रस्तावक द्वारा एक शपथ-पत्र के रूप में स्व-प्रमाणन के अनुसार, पूर्ण रूप से केवल एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के लिए ही उपयोग किए जाने हेतु विस्तारण इकाई के लिए पूर्व पर्यावरण स्वीकृति (ईसी) प्राप्त कर चुकी जैसी डिस्टिलरी इकाइयों या एथेनॉल के उत्पादन के लिए आसवनियों के विस्तार का श्रेणी 'ख2' परियोजनाओं के रूप में मूल्यांकन किया जाएगा।

  परंतु यह कि बाद में यदि यह पाया जाता है कि इस परियोजना प्रस्तावक को अनुदान प्रदान की गई पर्यावरण स्वीकृति के आधार पर उत्पादित एथेनॉल का उपयोग पूर्ण रूप से ईबीपी कार्यक्रम के लिए नहीं किया जा रहा है या एथेनॉल का उत्पादन नहीं किया जा रहा है या उक्त आवश्यकताएं एवं अपेक्षाएं, जिनके आधार पर परियोजना का श्रेणी ख 2 परियोजना के रूप में मूल्यांकन किया गया है, को पूरा नहीं कर रही है तो पर्यावरण स्वीकृति को निरस्त माना जाएगा।"

  उपरोक्त के संबंध में समिति का मत है कि परियोजना प्रस्तावक से शपथ पत्र लिया जाना आवश्यक है।

4. परियोजना के विनियोग की कुल लागत 141.20 करोड़ रुपये बताया गया है, जिसका ब्रेक-अप प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरांत निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:-

1. कार्यस्थल में एवं प्रस्तावित संयंत्र उत्पादन उद्योग के विभिन्न इकाइयों सहित 33 प्रतिशत ग्रीनबेल्ट क्षेत्र को दर्शाते हुए ले-आउट प्लान प्रस्तुत की जाए।
2. कार्यस्थल में एवं प्रस्तावित संयंत्र उत्पादन प्रदूषण स्तर की विस्तृत समय का तुलनात्मक जानकारी प्रस्तुत की जाए।
3. कार्यस्थल में एवं प्रस्तावित संयंत्र उत्पादन उद्योग का सैम्पल पूर्तिका स्टेटमेंट प्रस्तुत किया जाए।
4. वर्तमान स्थिति में विनियोग की कुल लागत तथा प्रस्तावित संयंत्र में विनियोग की लागत का ब्रेक-अप प्रस्तुत किया जाए।
5. प्रस्तावित संयंत्र अनुसार भारी वाहनों / ट्रांसपोर्टेशन हेतु वाहनों को सम्मिलित करते हुए ट्रैफिक अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाए।
6. भारत सरकार, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 04/06/2018 के अनुसार देश में जैव ईंधन के उत्पादन के लिए सम्भावित फीडस्टॉक वाले खाद्य के रूप निम्न पदार्थ उपलब्ध हैं, **एथेनॉल**

उत्पादन के लिए बी-हैवी, गन्ने का रस, चावल के रूप में कार्बोहाइड्रेट, **कृषि अवशेष (चावल का पुआल, कपास की डंठल, मक्के की कोब, लकड़ी का बुरादा, खोई इत्यादि)**, शक्कर युक्त सामग्री जैसे चुकंदर, ज्वार इत्यादि और स्टार्च युक्त सामग्री जैसे मक्का, कसावा, सड़ा हुआ आलू आदि, अनाज जैसे गेहूं, चावल इत्यादि के खराब दाने जो कि मानव उपभोग योग्य नहीं हो, अधिशेष के रूप में अनाज के रूप। शैवाल युक्त फीडस्टॉक और समुद्री शैवाल की खेती को एथेनॉल उत्पादन के लिए एक संभावित फीडस्टॉक हो सकती है, के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाए।

7. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 16/06/2021 के अनुसार केवल एथेनॉल ब्लेंडिंग पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के लिए ही उपयोग किए जाने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाए।

8. सी.ई.आर. के तहत् ईको पार्क निर्माण हेतु राशि रू. 2.40 करोड़ को छत्तीसगढ़ फॉरेस्ट डेवलपमेंट कार्पोरेशन में जमा किये जाने के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की जाए।

9. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के तहत् परियोजना प्रस्तावक द्वारा किये गये उत्पादन की जानकारी प्रस्तुत की जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के पत्र दिनांक 11/06/2022 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा जानकारी/दस्तावेज दिनांक 26/07/2022 को प्रस्तुत किया गया है।

(ब) समिति की 42वीं बैठक दिनांक 24/08/2022

समिति द्वारा चर्चा, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्नानुसार स्थिति पाई गई कि–

1. वर्तमान में एवं प्रस्तावित संशोधन उपरांत प्लांट के विभिन्न इकाइयों सहित 40 प्रतिशत वृक्षारोपण क्षेत्र को दर्शाते हुए ले-आउट प्लान की प्रस्तुत प्रति पठनीय नहीं है।

2. वर्तमान में एवं प्रस्तावित संशोधन उपरांत अनुमान भाप की विद्युत खपत का तुलनात्मक जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है।

3. वर्तमान में एवं प्रस्तावित संशोधन उपरांत प्लांट का लैण्ड एरिया स्टेटमेंट –

वर्तमान में लैण्ड एरिया स्टेटमेंट –

S.No.	Land use	Area (in SQM)
1.	Fermentation + Distillation + MSDH + MEE+ Spirit Storage	8,970
2.	Ethanol storage Area	3,473
3.	Molasses Storage Tank Area	6,821
4.	Boiler and Power Plant Area	8,200
5.	Waste Water Treatment (CPU + Lagoon + STP)	5,000
6.	ADM Building + Tempal + Guest House+ Utility Building	2,450

7.	Internal & Entrance Road	17,450
8.	Open Area including Parking Space	2,000
9.	Greenbelt Area (41%)	39,240
10.	Opne Plot	3,565
	Total Area	**97,128**

प्रस्तावित संशोधन उपरान्त प्रोजेक्ट सुविधा ले-आउट –

S.No.	Land use	Area (in SQM)
1.	Internal & Entrance Road	10,480
2.	Boiler and Power Plant Area	5,840
3.	Waste Water Treatment (CPU + Lagoon + STP + Biomethanation Unit)	4,877
4.	Ethanol storage Area	3,460
5.	Molasses and Grain Storage Area	11,290
6.	Fermentation + Distillation + MSDH + MEE+ Spirit Storage + Milling and liquifaction Unit	7,300
7.	ADM Building + Tempal + Guest House+ Utility Building	2,428
8.	Open Area including Parking Space	1,986
9.	Open Space for Future Expansion	4,692
10.	Open Space for Future Expansion (for Molasses Storage Tank)	4,358
11.	Greenbelt Area (41%)	39,240
	Total Area	**97,128**

4. संयंत्र मशीनरी में परिवर्तन की कुल लागत तथा प्रस्तावित संशोधन से परियोजना की लागत का ब्रेक–अप –

S.No.	Particular	Previous Amount (in Lakh)	New (Revised) Amount (in Lakh)
1.	Land development	15.00	15.00
2.	Builing and Civil work	2253.80	2253.80
3.	Plant and Machinery including taxes and duties	8147.36	10605.18
4.	Miscellaneous fixed assets	212.40	212.40
5.	Preliminary and per-operative expenses	483.59	483.59
6.	Machinery stores/spares	15.00	15.00
7.	Contigencies @3%	193.24	193.24
8.	Margin money	200.00	200.00
8.	Additional provision for environmental management, green belt and rain water harvesting etc.	150.00	150.00
	Total	**12870.39**	**14128.21**

5. परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रेषित जानकारी में पूर्व जारी पर्यावरण स्वीकृति के प्रतिबंध अनुसार सी-मोलासेस के परिवहन हेतु १४ टैंकर प्रतिदिन से १८ टैंकर प्रतिदिन एवं बी-हैवी मोलासेस के परिवहन हेतु १२ टैंकर प्रतिदिन से १६ टैंकर

प्रतिशत की आवश्यकता होगी। प्रस्तावित संशोधन अनुसार अतिक्रमण 19 हुक प्रतिशत की आवश्यकता होगी। उक्त अनुसार प्रस्तावित संशोधन उपरांत 20 प्रतिशत से 30 प्रतिशत भरी वाहनों में कमी होगी।

6. भारत सरकार, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 04/06/2018 के अनुसार देश में जैव ईंधन के उत्पादन के लिए संभावित फीडस्टॉक, कच्चे माल के रूप में निम्न पदार्थ उपलब्ध है, **एथेनॉल उत्पादन के लिए:** बी–हैवी, गन्ने का रस, चावल के रूप में कार्बोहाइड्रेट, **कृषि अवशेष (चावल का पुआल, कपास की डंठल, मक्का के कोब, लकड़ी का बुरादा, खोई इत्यादि),** शर्करा युक्त सामग्री, जैसे चुकंदर, ज्वार इत्यादि और स्टार्च युक्त सामग्री जैसे मक्का, कसावा, सड़े हुए आलू आदि, अनाज जैसे गेहूं, चावल इत्यादि के खराब दाने जो कि मानव उपभोग योग्य नहीं हो, अधिशेष के समय अनाज के रूप। सैल्यूलोज युक्त लिग्नोसेलूलोसिक और समुद्री शैवाल की खेती भी एथेनॉल उत्पादन के लिए एक संभावित फीडस्टॉक हो सकती है, के संबंध में शपथ पत्र **(Notarized undertaking)** प्रस्तुत नहीं किया गया है।

7. परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रेषित जानकारी में लेख किया गया कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 16/06/2021 में "केवल एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के लिए ही उपयोग किए जाने हेतु विद्यमान इकाई के लिए पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति (ईसी) प्राप्त कर चुकि ऐसी डिस्टिलरी इकाइयों या एथेनॉल के उत्पादन के लिए आसवनियों के विस्तार का श्रेणी "ख2" परियोजनाओं के रूप में मूल्यांकन किया जाएगा" का उल्लेख है, किंतु परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति (ईसी) का मूल्यांकन श्रेणी "ख1" परियोजनाओं के रूप में किया गया है। अतः केवल एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के लिए ही उपयोग किए जाने की आवश्यकता नहीं है।

8. सी.ई.आर. के तहत् ईको पार्क निर्माण हेतु राशि रू. 2.40 करोड़ को छत्तीसगढ़ कॉलेज टेक्नालॉजी कार्पोरेशन में जमा किए जाने के संबंध में जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है। साथ ही प्रस्तावित कार्यकलाप हेतु लागत में हुई वृद्धि को शामिल करते हुए कुल राशि 2.62 करोड़ रूपए की सी.ई.आर. के तहत् ईको पार्क निर्माण हेतु छत्तीसगढ़ कॉलेज टेक्नालॉजी कार्पोरेशन में जमा किये जाने बाबत् शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

9. परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रेषित जानकारी में पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु पालन का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है।

समिति द्वारा सम्यक् कार्यवाही के निम्नानुसार निर्णय लिया गया था कि–

1. वर्तमान एवं प्रस्तावित परियोजना स्थापना उपरांत प्रदेश के कुल क्षेत्रफल के 41 प्रतिशत में वृक्षारोपण क्षेत्र को दर्शाते हुए ले–आउट प्लान सहित वृक्षारोपण कार्ययोजना प्रस्तुत की जाए।

2. वर्तमान एवं प्रस्तावित क्रियाकलाप उपरांत उत्पादन क्षमता की विद्युत गणना का तुलनात्मक जानकारी प्रस्तुत की जाए।

3. भारत सरकार, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 04/06/2018 के अनुसार देश में जैव ईंधन के उत्पादन के लिए संभावित फीडस्टॉक, कच्चे माल के रूप निम्न पदार्थ उपलब्ध है, **एथेनॉल उत्पादन के लिए:** बी–हैवी, गन्ने का रस, चावल के रूप में कार्बोहाइड्रेट, **कृषि**

अवशेष (चावल का पुआल, कपास की डंठल, मक्के के कोब, लकड़ी का बुरादा, खोई इत्यादि), शर्करा युक्त सामग्री, जैसे चुकंदर, ज्वार इत्यादि और स्टार्च युक्त सामग्री जैसे मक्का, कसावा, सड़ा हुआ आलू आदि, अनाज जैसे गेहूं, चावल इत्यादि के खराब दाने जो कि खाने योग्य नहीं हों, अधिशेष के समय अनाज के चरण, सैल्युलोज युक्त फीडस्टॉक और समुद्री शैवाल की खेती भी इथेनॉल उत्पादन के लिए एक सम्भावित फीडस्टॉक हो सकती है, के संबंध में शपथ पत्र के रूप में undertaking प्रस्तुत किया जाए।

4. परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तावित सी.ई.आर. के तहत् ईको पार्क निर्माण हेतु राशि रू. 2.62 करोड़ को छत्तीसगढ़ फॉरेस्ट डेवलपमेंट कार्पोरेशन में जमा किये जाने के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की जाए। साथ ही प्रस्तावित कार्यक्षमता हेतु लागत में हुई वृद्धि को शामिल करते हुए कुल राशि 2.62 करोड़ रूपए की सी.ई.आर. के तहत् ईको पार्क निर्माण हेतु छत्तीसगढ़ फॉरेस्ट डेवलपमेंट कार्पोरेशन में जमा किये जाने बाबत् शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने पश्चात् आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 27/09/2022 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 14/11/2022 के माध्यम से जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(स) समिति की आगामी बैठक दिनांक 28/11/2022

समिति द्वारा उपरोक्त, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई कि–

1. वर्तमान एवं प्रस्तावित परियोजना क्षमतानुसार उद्योग परिसर के कुल क्षेत्रफल के 41 प्रतिशत में वृक्षारोपण क्षेत्र को दर्शाते हुए ले–आउट प्लान प्लान कैडस्ट्रल मैप सहित प्रस्तुत की गई है।

2. वर्तमान एवं प्रस्तावित क्रियाकलाप उपरांत प्रयुक्त भाप की विद्युत खपत का तुलनात्मक जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है।

3. भारत सरकार, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 04/06/2018 के अनुसार देश में जैव ईंधन के उत्पादन के लिए उपयोग हेतु कच्चे माल के रूप निम्न पदार्थ उपलब्ध है, **इथेनॉल उत्पादन के लिए**: बी–हैवी, गन्ने का रस, चीनी के रूप में शर्करायुक्त, **कृषि अवशेष (चावल का पुआल, कपास की डंठल, मक्के के कोब, लकड़ी का बुरादा, खोई इत्यादि)**, शर्करा युक्त सामग्री, जैसे चुकंदर, ज्वार इत्यादि और स्टार्च युक्त सामग्री जैसे मक्का, कसावा, सड़ा हुआ आलू आदि, अनाज जैसे गेहूं, चावल इत्यादि के खराब दाने जो कि खाने योग्य नहीं हों, अधिशेष के समय अनाज के चरण, सैल्युलोज युक्त फीडस्टॉक और समुद्री शैवाल की खेती भी इथेनॉल उत्पादन के लिए एक सम्भावित फीडस्टॉक हो सकती है, के संबंध में परियोजना प्रस्तावक द्वारा शपथ पत्र के रूप में undertaking प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में समिति का मत है कि उक्त तथ्यों के परिपेक्ष्य में शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

4. प्रस्तावित कार्यक्षमता उपरांत लागत में हुई वृद्धि को शामिल करते हुए कुल राशि 2.62 करोड़ रूपए को सी.ई.आर. के तहत् ईको पार्क निर्माण हेतु छत्तीसगढ़ फॉरेस्ट डेवलपमेंट कार्पोरेशन में जमा किये जाने बाबत् परियोजना

प्रस्तावक द्वारा शपथ पत्र के रूप में undertaking प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में समिति का मत है कि पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति में सी.ई.आर. के तहत् राशि 2.62 करोड़ रूपए को इको पार्क निर्माण हेतु छत्तीसगढ़ कॉलोनी डेवलपमेंट कार्पोरेशन में जमा किया गया है, अथवा नहीं के संबंध में जानकारी प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

समिति द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:-

1. जारी पर्यावरणीय स्वीकृति एवं प्रस्तावित विस्तारीकरण उपरांत प्रदूषण भार की विस्तृत गणना कर तुलनात्मक जानकारी प्रस्तुत किया जाए।
2. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति में सी.ई.आर. के तहत् राशि 2.62 करोड़ रूपए को इको पार्क निर्माण हेतु छत्तीसगढ़ कॉलोनी डेवलपमेंट कार्पोरेशन में जमा किया गया है, अथवा नहीं के संबंध में जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ की 462वीं बैठक दिनांक 28/11/2022 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 09/01/2023 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(द) समिति की 469वीं बैठक दिनांक 24/01/2023:

समिति द्वारा भली, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. प्रदूषण भार के संबंध में दिनांक 16/01/2023 को प्रस्तुत जानकारी में केवल प्रस्तावित संशोधन हेतु जानकारी प्रस्तुत की गई है। समिति का मत है कि पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के अनुसार प्रदूषण भार एवं प्रस्तावित संशोधन उपरांत प्रदूषण भार की विस्तृत तुलनात्मक गणना कर जानकारी प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
2. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति में सी.ई.आर. के तहत् राशि 2.62 करोड़ रूपए को इको पार्क निर्माण हेतु छत्तीसगढ़ कॉलोनी डेवलपमेंट कार्पोरेशन में प्रस्ताव जमा किया गया है, जिसके अनुसार कार्यालय मंडल प्रबंधक, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड, कवर्धा परियोजना मंडल, कवर्धा के पत्र क्रमांक/सीसीएफ/2022-23/भ.नि./2140 कवर्धा, दिनांक 02/01/2023 द्वारा क्षेत्रीय महाप्रबंधक, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड, अटल नगर नवा रायपुर को इको पार्क स्थापित करने हेतु संशोधित प्रस्ताव स्वीकृति बाबत् पत्र प्रेषित की गई है। समिति का मत है कि सी.ई.आर. के तहत् राशि 2.62 करोड़ रूपए इको पार्क निर्माण हेतु प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड, अटल नगर नवा रायपुर से प्रस्ताव की स्वीकृति प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

समिति द्वारा विचार विमर्श पश्चात सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:-

1. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के अनुसार प्रदूषण भार एवं प्रस्तावित संशोधन उपरांत प्रदूषण भार की विस्तृत तुलनात्मक गणना कर जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

3. सी.ई.आर. के तहत राशि 2.62 करोड़ रूपए [illegible] हेतु प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड, अटल नगर नवा रायपुर से प्रस्ताव की स्वीकृति प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

5. मेसर्स [illegible] सेण्ड माईन (प्रो.– श्री [illegible]), ग्राम–[illegible], तहसील व जिला–राजनांदगांव (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1873)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/सीजी/एमआईएन/249804/2021, दिनांक 17/12/2021 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन में कमियाँ होने से ज्ञापन दिनांक 10/01/2022 द्वारा जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी दिनांक 24/02/2022 को ऑनलाईन प्रस्तुत की गई।

प्रस्ताव का विवरण – यह प्रस्तावित रेत खदान ([illegible]) है। यह खदान ग्राम–[illegible], तहसील व जिला–राजनांदगांव स्थित [illegible] खसरा क्रमांक – [illegible], कुल क्षेत्रफल – 4.8 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। उत्खनन शिवनाथ नदी से किया जाना प्रस्तावित है। खदान की प्रस्तावित रेत उत्खनन क्षमता – 63,000 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 19/05/2022 द्वारा प्रस्तुतिकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की [illegible] बैठक दिनांक 25/05/2022:

प्रस्तुतिकरण हेतु श्री [illegible] उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. प्रस्तुतिकरण के दौरान समिति के संज्ञान में यह तथ्य आया कि ऑनलाईन आवेदन करने के दौरान फार्म–1, फार्म–1एम, प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट एवं माईनिंग प्लान में रेत उत्खनन क्षमता 63,000 घनमीटर (1,07,100 टन) प्रतिवर्ष का उल्लेख किया गया है तथा फार्म–2 एवं माईनिंग प्लान में रेत उत्खनन क्षमता 98,000 घनमीटर (1,66,600 टन) प्रतिवर्ष का उल्लेख किया गया है। इस संबंध में प्रस्तुतिकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि खदान की अपस्ट्रीम में एनीकट स्थित होने के कारण न्यूनतम 500 मीटर गैर माईनिंग क्षेत्र छोड़ने के कारण रेत उत्खनन क्षमता 98,000 घनमीटर (1,66,600 टन) प्रतिवर्ष के स्थान पर क्षमता 63,000 घनमीटर (1,07,100 टन) प्रतिवर्ष होगा। परियोजना प्रस्तावक द्वारा उपरोक्त में सुधार कर संशोधित अनुमोदित माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया गया है। रेत उत्खनन क्षमता हेतु फार्म–2 में संशोधन कराया जाना आवश्यक है।
2. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण**– इस खदान को पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।

3. कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला-राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 132/खलि.01/2022 राजनांदगांव, दिनांक 19/01/2022 द्वारा विगत वर्षों में किये गये उत्खनन निरंक है।

4. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – रेत उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत [illegible] का दिनांक 05/12/2018 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

5. **सिंगल/क्लस्टर** – कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा से प्राप्त प्रमाण पत्र अनुसार यह प्रकरण सिंगल/क्लस्टर का घोषित है।

6. **उत्खनन योजना** – क्वारी प्लान (क्वारी प्लान इन्क्लूडिंग प्रोग्रेसिव क्वारी क्लोजर प्लान) प्रस्तुत किया गया है, जो संयुक्त संचालक (क्षे.), संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म, नवा रायपुर अटल नगर के ज्ञापन क्रमांक 5968/खनि 02/रेत/ग्रामी/उ.यो.अनु./न.क्र. 03/2020 नवा रायपुर, दिनांक 18/11/2021 द्वारा अनुमोदित है।

7. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला-राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 132/खलि.01/2022 राजनांदगांव, दिनांक 19/01/2022 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर स्वीकृत अन्य रेत खदानों की संख्या निरंक है।

8. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला-राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 132/खलि.01/2022 राजनांदगांव, दिनांक 19/01/2022 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यमार्ग, पुल, बांध, स्कूल, अस्पताल, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, श्मशान एवं एनीकट आदि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।

9. **एल.ओ.आई. का विवरण** – एल.ओ.आई. की वैधता समाप्त हो चुका है, जो कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला-राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 4027/खलि. 06/2018 राजनांदगांव, दिनांक 06/12/2018 द्वारा जारी की गई, जिसकी अवधि 6 माह हेतु थी। एल.ओ.आई. की वैधता वृद्धि बाबत् संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म, नवा रायपुर अटल नगर के पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक 116/2021 द्वारा जारी पारित आदेश दिनांक 12/01/2022 की प्रति प्रस्तुत की गई है जिसके अनुसार **"निर्णय के आधार पर पुनरीक्षण प्रकरण स्वीकार करते हुए, आशय पत्र की अवधि में पारित आदेश दिनांक से पर्यावरण सम्मति प्राप्त उपरान्त अनुबंध निष्पादन किये जाने हेतु अतिरिक्त समयावधि प्रदान करते हुए, प्रकरण में गुण-दोष के आधार पर कार्यवाही करने हेतु प्रकरण कलेक्टर, जिला राजनांदगांव को प्रत्यावर्तित किया जाता है।"** ऐसा बताया गया है।

10. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – कार्यालय वनमंडलाधिकारी, राजनांदगांव वनमंडल, जिला-राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक/तक.अधि./मा.क्र. 10-1/2021/1446 राजनांदगांव, दिनांक 14/02/2022 से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित क्षेत्र वन क्षेत्र की सीमा से 16.02 कि.मी. की दूरी पर है।

11. **डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2019 की डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

12. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम-धमनसरा 850 मीटर, स्कूल ग्राम-धमनसरा 1 कि.मी. एवं अस्पताल राजनांदगांव 12 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 6.7 कि.मी. एवं राजमार्ग 13 कि.मी. दूर है। स्वीकृत रेत खदान के 1 कि.मी. तक पुल स्थित नहीं है। खदान से अपस्ट्रीम में एनीकट 280 मीटर की दूरी पर स्थित है।

13. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में आरक्षित/संरक्षित वन, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

14. **खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई एवं खदान की नदी तट से दूरी** – आवेदन अनुसार खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई – अधिकतम 310 मीटर, न्यूनतम 208 मीटर तथा खनन स्थल की औसत लंबाई – 545 मीटर एवं खनन स्थल की औसत चौड़ाई – 90 मीटर दर्शाई गई है। खदान की नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 40 मीटर, न्यूनतम 28 मीटर है।

15. **खदान स्थल पर रेत की मोटाई** – आवेदन अनुसार स्थल पर रेत की गहराई– 3 मीटर तथा रेत खनन की प्रस्तावित गहराई –2 मीटर दर्शाई गई है। अनुमोदित माईनिंग प्लान अनुसार खदान से माईनेबल रेत की मात्रा – 80,000 घनमीटर है। रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वास्तव में उपलब्ध रेत मात्रा की मोटाई जानने के लिए, प्रस्तावित स्थल पर गड्ढे (Pits) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है। रेत की वास्तविक गहराई हेतु दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किया गया है।

16. **खदान क्षेत्र में रेत सतह के लेवल्स** – रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल में 25 मीटर गुणा 25 मीटर के ग्रिड बिन्दुओं पर दिनांक 18/03/2022 को रेत सतह के वर्तमान लेवल्स (Levels) लेकर प्रस्तुत किये गये हैं। समिति का मत है कि उक्त लेवल्स (Levels) लेकर उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

17. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा समिति के समक्ष विचार के पश्चात उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है–

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
35	2%	0.70	Following activities at Nearby Village- Dhamansara	
			Plantation at river bank near allotted area (800 meter)	1.03

			and the approach road (300 meter)	
			Total	1.00

18. वृक्षारोपण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 400 नग पौधों के लिए राशि 21,000 रूपये, ट्री–गार्ड के लिए राशि 40,000 रूपये, खाद एवं सिंचाई के लिए राशि 20,000 रूपये तथा रख–रखाव आदि के लिए राशि 12,000 रूपये, इस प्रकार कुल राशि 1,03,000 रूपये हेतु पांचसाल तक का विवरण प्रस्तुत किया गया है। जिसे समिति द्वारा अवलोकन किया गया। समिति का मत है कि चूंकि पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के अधीन नदी तट एवं पहुंच मार्ग पर परियोजना प्रस्तावक द्वारा वृक्षारोपण किया जाना आवश्यक है। अतः सी.ई.आर. के तहत् सार्वजनिक स्कूल एवं सार्वजनिक स्थल में कार्य किये जाने हेतु विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

19. **नॉन माईनिंग क्षेत्र** – खदान से एनीकट 200 मीटर की दूरी पर अपस्ट्रीम में स्थित है। नये गाइडलाईन अनुसार एनीकट अपस्ट्रीम में स्थित होने के कारण खदान से एनीकट की दूरी कम से कम 500 मीटर होना आवश्यक है। अतः एनीकट की तरफ से खदान के 210 मीटर लंबाई का खनन क्षेत्र को खनन के लिए प्रतिबंधित किया गया है। उपरोक्तानुसार संशोधित माईनिंग प्लान अनुसार 28,000 वर्गमीटर नॉन माईनिंग क्षेत्र रखा गया है। अतः रेत उत्खनन का कार्य खदान के अवशेष 2.1 हेक्टेयर क्षेत्र में किया जाना प्रस्तावित है।

20. प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि एनीकट की तरफ से खदान में 210 मीटर की लंबाई को नॉन माईनिंग क्षेत्र रखने के पश्चात् नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 34 मीटर, न्यूनतम 28 मीटर है। समिति का मत है कि नदी तट के किनारे से वास्तविक दूरी को नक्शे में (25–25 मीटर के अंतराल में) दर्शाते हुए प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

21. प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि आवेदित खदान (ट्रांसमिशन टॉवर लाईन) एवं [illegible] टॉवर लाईन के मध्य 200 मीटर की दूरी है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–

1. रेत उत्खनन खदान हेतु संशोधित फार्म–2 प्रस्तुत किया गया है।
2. प्रस्तावित खनन क्षेत्र की लंबाई एवं चौड़ाई की जानकारी (अधिकतम एवं न्यूनतम सहित) प्रस्तुत की जाए।
3. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल एवं प्रस्तावित स्थल के अपस्ट्रीम तथा डाउनस्ट्रीम में 100 मीटर की दूरी तक, 25 मीटर गुणा 25 मीटर का ग्रिड बनाकर, वर्तमान में रेत सतह के लेवल्स (Levels) लेकर ग्रिड मैप में दर्शाया जाए, उसमें संबंधित विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये जावें।
4. नदी तट के किनारे से वास्तविक दूरी को नक्शे में (25–25 मीटर के अंतराल में) दर्शाते हुए प्रस्तुत किया जाए।
5. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत की मोटाई जानने के लिए प्रति हेक्टेयर में गड्ढे (Pits) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का

मापन कर, सचित्र विवरण में उल्लेखित जानकारी प्रस्तुत की जाए। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा भी प्रस्तुत किया जावे।

6. डी.एस.आर. के तहत् वास्तविक प्रस्तुत एवं सत्यापित स्थल में जाने किये जाने हेतु विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जावेगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के पत्र दिनांक 31/07/2022 के संदर्भ में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 12/01/2023 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(स) समिति की 448वीं बैठक दिनांक 24/01/2023:
समिति द्वारा पत्राचार, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. रेत उत्खनन क्षमता हेतु फार्म-2 में संशोधन जारी करने की आवश्यकता नहीं होने के संबंध में परियोजना प्रस्तावक का कथन है कि आवंटित कुल क्षेत्रफल – 4.9 हेक्टेयर में से खदान के अपस्ट्रीम में एनीकट स्थित होने के कारण न्यूनतम 300 मीटर नॉन माईनिंग क्षेत्र छोड़ने के कारण रेत उत्खनन का कार्य खदान के अंतर्गत 2.1 हेक्टेयर क्षेत्र में करने के कारण रेत उत्खनन क्षमता 98,000 घनमीटर (1,66,600 टन) प्रतिवर्ष के स्थान पर क्षमता 63,000 घनमीटर (1,07,100 टन) प्रतिवर्ष होगा। जिसका उल्लेख संशोधित अनुमोदित माईनिंग प्लान में किया गया है।

2. प्रस्तावित खदान क्षेत्रफल – 4.9 हेक्टेयर में खनन क्षेत्र की औसत लंबाई 540 मीटर, नॉन माईनिंग क्षेत्र छोड़ने के कारण रेत उत्खनन का कार्य खदान के अंतर्गत 2.1 हेक्टेयर क्षेत्र में खनन क्षेत्र की औसत लंबाई 312 मीटर एवं प्रस्तावित खदान क्षेत्रफल – 4.9 हेक्टेयर में खनन क्षेत्र की औसत चौड़ाई 90 मीटर, नॉन माईनिंग क्षेत्र छोड़ने के कारण रेत उत्खनन का कार्य खदान के अंतर्गत 2.1 हेक्टेयर क्षेत्र में खनन क्षेत्र की औसत चौड़ाई 68 मीटर है। समिति का मत है कि प्रस्तावित खनन क्षेत्र की लंबाई एवं चौड़ाई की जानकारी (अधिकतम एवं न्यूनतम सहित) प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

3. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल एवं प्रस्तावित स्थल के अपस्ट्रीम तथा डाउनस्ट्रीम में 100 मीटर की दूरी तक 25 मीटर गुणा 25 मीटर का ग्रिड बनाकर, प्रत्येक में रेत सतह के लेवल्स (Levels) लेकर ग्रिड मैप में प्रदर्शित कर, उन्हें सचित्र विवरण के प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये गये हैं।

4. नदी तट के किनारे से वास्तविक दूरी को मापने में 25–25 मीटर के अंतराल को दर्शाते हुए प्रस्तुत किया गया है।

5. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर प्रत्येक में उपलब्ध रेत की मोटाई जानने के लिए, प्रति हेक्टेयर में गड्ढे (Pits) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, सचित्र विवरण में उल्लेखित जानकारी प्रस्तुत की गई है। इसके अनुसार रेत की उपलब्ध औसत मोटाई 3 मीटर है। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा प्रस्तुत किया गया है।

6. परियोजना प्रस्तावक को सी.ई.आर. के तहत् शासकीय स्कूल एवं शासकीय भवन में कार्य किये जाने हेतु विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाने का निर्देश दिया गया था परन्तु परियोजना प्रस्तावक द्वारा उक्त प्रस्ताव के स्थान पर पूर्व में दिये गये सी.ई.आर. (C.E.R.) के प्रस्ताव (नदी तट एवं पहुंच मार्ग पर वृक्षारोपण) का ही निम्नानुसार संशोधित विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:-

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
35	2%	0.70	Following activities at Nearby, **Village- Dhamanaura**	
			Plantation at river bank near allotted area (600 meter) and the approach road (200 meter)	2.18
			Total	**2.18**

7. सी.ई.आर. के अंतर्गत वृक्षारोपण (प्रस्तुत, पौधे एवं अन्य) हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 200 नग पौधों के लिए राशि 14,000 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 10,000 रूपये, खाद एवं सिंचाई के लिए राशि 14,000 रूपये तथा रख-रखाव के लिए राशि 24,000 रूपये अर्थात इस प्रकार कुल राशि 62,000 रूपये प्रथम वर्ष हेतु एवं रख-रखाव हेतु कुल राशि 1,56,200 रूपये आगामी चार वर्षों हेतु चरणबद्ध व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है। जिसे समिति द्वारा अवलोकन किया गया। समिति का मत है कि चूंकि पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के अधीन नदी तट एवं पहुंच मार्ग पर परियोजना प्रस्तावक द्वारा वृक्षारोपण किया जाना आवश्यक है। अतः सी.ई.आर. के तहत् शासकीय स्कूल एवं शासकीय भवन में कार्य किये जाने हेतु विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:-

1. प्रस्तावित खनन क्षेत्र की लंबाई एवं चौड़ाई की जानकारी (प्रतिवेदन एवं नक्शा सहित) प्रस्तुत की जाए।
2. सी.ई.आर. के तहत् शासकीय स्कूल एवं शासकीय भवन में कार्य किये जाने हेतु विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदनुसार सूचित किया जाए।

8. मेसर्स कुड़मडा लाईम स्टोन क्वारी (प्रो.– श्री आशीष अग्रवाल), ग्राम–कुड़मडा, तहसील–सिमगा, जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 2221)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 409056/ 2022, दिनांक 04/12/2022 द्वारा टी.ओ.आर हेतु आवेदन किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – यह प्रस्तावित चूना पत्थर (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–कुड़मडा, तहसील–सिमगा, जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा स्थित खसरा क्रमांक 173, 174, 175(पार्ट) एवं 176(पार्ट), कुल क्षेत्रफल–2.83 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। खदान की प्रस्तावित उत्पादन क्षमता–26,022 टन प्रतिवर्ष है।

तदनुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 23/12/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 444वीं बैठक दिनांक 29/12/2022:

प्रस्तुतीकरण हेतु कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए। परियोजना प्रस्तावक के पत्र दिनांक 29/12/2022 द्वारा सूचना दी गयी है कि अपरिहार्य कारणों से आज बैठक में प्रस्तुतीकरण दिया जाना संभव नहीं है। अतः आगामी आयोजित बैठक में अवसर प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।

समिति द्वारा तत्पश्चात सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि परियोजना प्रस्तावक को पूर्व में चाही गई वांछित जानकारी एवं समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदनुसार परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 17/01/2023 को आवेदित प्रकरण को निरस्त किये जाने हेतु अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया गया।

(ब) समिति की 448वीं बैठक दिनांक 24/01/2023:

समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण कर पाया गया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा सूचना दी गई है कि कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा के ज्ञापन क्रमांक 818/सैन-4/2022 बलौदाबाजार, दिनांक 24/11/2022 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर स्वीकृत 3 खदानें, क्षेत्रफल 6.278 हेक्टेयर है। जिसमें से 1 खदान मुख्य खनिज क्षेत्रफल 1.576 हेक्टेयर का है। इस प्रकार उक्त के अतिरिक्त अन्य 2 खदानों के साथ आवेदित खदान को शामिल करने से 500 मीटर के भीतर 4.61 हेक्टेयर का क्लस्टर निर्मित होगा जिससे आवेदित खदान पर्यावरणीय स्वीकृति के दायरे में आ जाएगा। चूंकि सचिवालय में उनके द्वारा टी.ओ.आर. हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है। अतः परियोजना प्रस्तावक द्वारा आवेदन में त्रुटि होने के कारण आवेदन को वापस लिये जाने का अनुरोध किया गया।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से परियोजना प्रस्तावक के आवेदन को डि-लिस्ट / निरस्त किये जाने की अनुशंसा की गई तथा ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 2006 (यथा संशोधित) के तहत पालन करते हुए पुनः आवेदन करने की अनुशंसा की गई।

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदनुसार सूचित किया जाए।

7. मेसर्स मोहभट्ठा लाईम स्टोन क्वारी (प्रो.– श्रीमती विनीता साहू), ग्राम–मोहभट्ठा, तहसील–पथरिया, जिला–मुंगेली (प्रकरण का नस्ती क्रमांक 2115)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 289391/2022, दिनांक 27/07/2022 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित चूना पत्थर (गौण खनिज) खदान है। ग्राम–मोहभट्ठा, तहसील–पथरिया, जिला–मुंगेली स्थित खसरा क्रमांक 682, 683 एवं 684, कुल क्षेत्रफल–0.482 हेक्टेयर है। खदान की प्रस्तावित उत्पादन क्षमता–4,700 टन प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 09/11/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 434वीं बैठक दिनांक 18/11/2022:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री दीपक कुमार साहू, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण–**

   i. पूर्व में चूना पत्थर (गौण खनिज) खदान खसरा क्रमांक 682, 683 एवं 684, कुल क्षेत्रफल – 0.482 हेक्टेयर, क्षमता – 5,925 टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, जिला–मुंगेली द्वारा दिनांक 01/09/2017 को जारी की गई। यह स्वीकृति जारी दिनांक से 5 वर्ष की अवधि तक थी।

   परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 18/01/2021 अनुसार–

   "9A. Notwithstanding anything contained in this Notification, the period from the 1st April, 2020 to the 31st March, 2021 shall not be considered for the purpose of calculation of the period of validity of Prior Environmental Clearances granted under the provisions of this Notification in view of outbreak of Corona Virus(COVID-19) and subsequent lockdowns (total or partial) declared for its control, however, all activities undertaken during this period in respect of the Environmental Clearance granted shall be treated as valid."

   उपरोक्त अधिसूचना के अनुसार पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता जारी दिनांक से दिनांक 30/08/2023 तक वैध होगी।

   ii. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की गई है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुतीकरण के दौरान बताया गया कि पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन हेतु एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, रायपुर में आवेदन दिनांक 17/11/2022 को किया गया है, जो आज दिनांक तक अप्राप्त है। साथ ही पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन

हेतु क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर में आवेदन दिनांक 17/11/2022 को किया जाना बताया गया है। अतः समिति का मत है कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा जारी स्थापनार्थ सहमति का पालन प्रतिवेदन एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर से प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

ग. निर्धारित शर्तानुसार 200 नग वृक्षारोपण किया गया है।

घ. कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–मुंगेली के ज्ञापन क्रमांक/1368/खलि02/2021 मुंगेली, दिनांक 26/07/2021 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार विगत वर्षों में किये गये उत्खनन की जानकारी निम्नानुसार है–

वर्ष	उत्खनन (टन)
दिनांक 01/08/2017 से 31/03/2018 तक	1,100
2018–19	395
2019–20	1,095
2020–21	2,010

ङ. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–मुंगेली के ज्ञापन क्रमांक/826/खलि02/2022 मुंगेली, दिनांक 18/11/2022 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार 2021–22 में किये गये उत्खनन की मात्रा 3,180 टन है।

2. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत [illegible] का दिनांक 15/11/2009 का अनापत्ति प्रमाण पत्र 5 वर्ष हेतु प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में समिति का मत है कि प्रस्तुत ग्राम पंचायत के अनापत्ति प्रमाण पत्र की वैधता वर्तमान में समाप्त हो चुकी है। अतः उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत का अद्यतन अनापत्ति प्रमाण पत्र (कार्यवाही बैठक एवं दिनांक सहित) प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

3. **उत्खनन योजना** – खदान प्लान [illegible] माइनिंग प्लान एवं प्रोग्रेसिव माइन क्लोजर प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो उप संचालक (खनि प्रशासन), जिला–[illegible] के ज्ञापन क्रमांक 2284/खनि/तीन–1/2016 [illegible], दिनांक 07/02/2017 द्वारा अनुमोदित है।

4. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदानें** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला–मुंगेली के ज्ञापन क्रमांक 714/खनि–02/2022–23 मुंगेली, दिनांक 26/09/2022 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर स्वीकृत 5 खदानें, क्षेत्रफल 3.757 हेक्टेयर है, इसके अतिरिक्त 500 मीटर के भीतर आवेदित 1 अन्य [illegible] खदान, क्षेत्रफल 4.87 हेक्टेयर है, जिसे दिनांक 29/07/2020 को एल.ओ.आई. जारी किया गया है।

5. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–मुंगेली के ज्ञापन क्रमांक 1369/खनि–03/2020 मुंगेली, दिनांक 26/07/2021 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मस्जिद, बाजार, अस्पताल, स्कूल, पुल, एनिकट, राष्ट्रीय राजमार्ग, बांध एवं उच्च दाब लाइन आदि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।

6. **भूमि एवं लीज का विवरण** – भूमि आवेदक के नाम पर है। पूर्व में लीज की स्वीकृति आवेदक के नाम पर थी। लीज डीड 5 वर्ष अर्थात् दिनांक 08/07/2010 से 07/07/2015 तक की अवधि हेतु दिया गया। लीज डीड का पंजीकरण दिनांक 12/08/2010 को श्रीमती जिनका नाम एवं के नाम पर किया गया। तत्पश्चात लीज डीड 25 वर्ष अर्थात् दिनांक 08/07/2015 से 07/07/2040 तक विस्तारित की गई है।

7. **डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2018 की डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

8. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, बिलासपुर वनमण्डल, जिला-बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक/मा.चि./171 बिलासपुर, दिनांक 23/01/2010 से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

9. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – विद्यालय आबादी ग्राम-भोजपुरा 300 मीटर, स्कूल ग्राम-भोजपुरा 800 मीटर, एवं अस्पताल ग्राम-बलौदा 1.9 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 430 मीटर एवं राजमार्ग 16.2 कि.मी. दूर है। शिवनाथ नदी 3.7 कि.मी., लीलागर नाला 3.79 कि.मी., तालाब 300 मीटर एवं नहर 6.1 कि.मी. दूर है।

10. **पारिस्थितिकीय / जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

11. **खनन संपदा एवं खनन का विवरण** – अनुमोदित माइनिंग प्लान के अनुसार जियोलॉजिकल रिजर्व 1,54,880 टन (61,960 घनमीटर), माईनेबल रिजर्व 58,074 टन (23,229 घनमीटर) है। वर्तमान में जियोलॉजिकल रिजर्व 1,46,282 टन (58,517 घनमीटर), माईनेबल रिजर्व 50,134 टन (20,050 घनमीटर) शेष है। लीज की 7.5 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी (उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र) का क्षेत्रफल 1,860 वर्गमीटर है। ओपन कास्ट सेमी मैकेनाइज्ड विधि से उत्खनन किया जाता है। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 10 मीटर है। लीज क्षेत्र में ऊपरी मिट्टी की मोटाई 0.5 मीटर तथा कुल मात्रा 892 घनमीटर थी, जिसे पूर्व से ही उत्खनित किया जा चुका है। बेंच की ऊंचाई 1.5 मीटर एवं चौड़ाई 1.5 मीटर है। खदान की प्रस्तावित आयु 25 वर्ष है। लीज क्षेत्र में क्रशर स्थापित नहीं है एवं इसकी स्थापना का प्रस्ताव नहीं किया गया है। लीज क्षेत्र से ड्रिलिंग एवं कंट्रोल ब्लास्टिंग किया जाता है। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाता है। वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है–

वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (टन)	वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (टन)
प्रथम	5,825	षष्टम	4,700
द्वितीय	4,700	सप्तम	4,700
तृतीय	4,700	अष्टम	4,700
चतुर्थ	4,700	नवम	4,700
पंचम	4,700	दशम	4,700

12. **जल आपूर्ति** – परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 2.75 घनमीटर प्रतिदिन होती है। जल की आपूर्ति बोरवेल एवं ग्राम पंचायत के माध्यम से की जायेगी। इस संबंध ग्राम पंचायत ग्रामपंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी की अनुमति प्राप्त कर प्रस्तुत किया गया है।

13. **वृक्षारोपण कार्य** – लीज क्षेत्र की सीमा से चारों ओर 7.5 मीटर की पट्टी में 200 नग वृक्षारोपण किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा लीज क्षेत्र के भीतर पर्यावरणीय प्रबंधन योजना के तहत् निम्नानुसार कार्य प्रस्तावित है:–

विवरण		प्रथम वर्ष (रूपये)	द्वितीय वर्ष (रूपये)	तृतीय वर्ष (रूपये)	चतुर्थ वर्ष (रूपये)	पंचम वर्ष (रूपये)
प्रदूषण नियंत्रण हेतु परिवहन के दौरान सड़कों/पहुंच मार्ग से उत्पन्न धूल उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु जल छिड़काव		50,000	50,000	50,000	50,000	50,000
खदान के बाउण्ड्री में (200 नग) वृक्षारोपण के रख–रखाव हेतु	खाद हेतु राशि	5,000	5,000	5,000	5,000	5,000
	फेंसिंग, सिंचाई एवं रख–रखाव हेतु राशि	1,75,000	1,75,000	1,75,000	1,75,000	1,75,000
कुल राशि = 11,50,000		2,30,000	2,30,000	2,30,000	2,30,000	2,30,000

14. **खदान की 7.5 मीटर की चौड़ी सीमा पट्टी में उत्खनन** – प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर की सीमा पट्टी का कुल क्षेत्रफल 1,080 वर्गमीटर क्षेत्र है, जिसमें से वर्तमान आवेदक को लीज जारी होने के पूर्व से ही 675 वर्गमीटर क्षेत्र 15 मीटर की गहराई तक उत्खनित है, जिसका उल्लेख अनुमोदित खनन प्लान में किया गया है। अतिक्रमित 7.5 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी में अवैध उत्खनन किया जाना पाये जाने पर परियोजना प्रस्तावक के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किया जाना आवश्यक है।

15. उल्लेखनीय है कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा लीज क्षेत्र माईनिंग प्रोजेक्ट्स हेतु मानक पर्यावरणीय शर्तें जारी की गई है। शर्त क्रमांक [illegible] के अनुसार:–

"The Project Proponent shall develop greenbelt in 7.5m wide safety zone all along the mine lease boundary as per the guidelines of CPCB in order to arrest pollution emanating from mining operations within the lease. The whole green belt shall be developed within first 5 years starting from windward side of the active mining area. The development of greenbelt shall be governed as per the EC granted by the Ministry irrespective of the stipulation made in approved mine plan."

उक्त मानक शर्तों के अनुसार माईन लीज क्षेत्र के अंदर 7.5 मीटर चौड़े सेफ्टी ज़ोन में वृक्षारोपण किया जाना आवश्यक है।

16. कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.) – परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विचारण के पश्चात् प्रस्तावित निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
22.40	2%	0.448	Following activities at, Government Middle School **Village- Mohbhatta**	
			Installation of UV water filter and its AMC	0.30
			Running water arrangement in toilet	0.17
				0.47

17. सी.ई.आर. के तहत् प्रस्तावित स्कूल के प्राचार्य (Principal) का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है। समिति का मत है कि परियोजना प्रस्तावक की सहमति अनुसार प्रस्तुत सी.ई.आर. कार्य के अतिरिक्त प्रस्तावित स्कूल में आवश्यक एवं पर्यावरण संबंधी सुधारों का भी प्रस्ताव शामिल करते हुये सी.ई.आर. कार्य का विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

18. पट्टेदार ब्लास्टिंग का कार्य विस्फोटक अनुज्ञप्ति धारक (Explosive License Holder) द्वारा कराये जाने बावत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

19. परियोजना के भिन्न-भिन्न स्थलों में पहुँचने हेतु सड़क उपलब्ध होगा, इन सड़कों पर नियमित जल छिड़काव की व्यवस्था किये जाने बावत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

20. पट्टांकित लीज क्षेत्र के अंदर एवं बाहर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं उनका पौधों का 80 प्रतिशत जीवित दर सुनिश्चित किये जाने बावत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

21. परियोजना प्रस्तावक द्वारा मिनरल्स कन्सेशन नियम (Minerals Concession Rule) के तहत् बाउण्ड्री पिलर्स द्वारा सीमांकन का कार्य सुनिश्चित किये जाने बावत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

22. परियोजना प्रस्तावक द्वारा तालाब, पोखर, नाला, नदी, नहर एवं अन्य जल निकायों के संरक्षण एवं संवर्धन किये जाने बावत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

23. छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के तहत् प्रभावित लोगों को रोजगार दिये जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

24. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरुद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

25. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरुद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

समिति द्वारा तत्समय कार्यवाही में निम्नानुसार निर्णय लिया गया था–

1. एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर से पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाए।

2. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के अनुसार निर्धारित कार्ययोजना किये गये वृक्षारोपण के पौधों में संख्यांकन (Numbering) एवं पौधों के नाम का उल्लेख किया जाकर फोटोग्राफ्स सहित जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

3. उत्खनन के संबंध में खान संचालक का अद्यतन अनापत्ति प्रमाण पत्र (कार्यकारी बैठक एवं दिनांक सहित) प्रस्तुत किया जाए।

4. प्रस्तुत सी.ई.आर. प्रस्ताव के अतिरिक्त, स्थानीय आवश्यकता अनुसार प्रस्तावित स्कूल में आवश्यक, पर्यावरण संबंधी सुविधाओं का भी प्रस्ताव शामिल करते हुए सी.ई.आर. कार्यों का विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

5. माईनिंग लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर चौड़े सेफ्टी ज़ोन के कुछ भाग में किये गये उत्खनन के कारण इस क्षेत्र के उपचारी उपायों (Remedial Measures) के संबंध में तथा लीज क्षेत्र के अंदर खनिज की गतिविधियों के कारण उत्पन्न प्रदूषण के नियंत्रण हेतु आवश्यक उपायों यथा वृक्षारोपण आदि के लिये समुचित उपायों बाबत् संचालक, संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला – रायपुर (छत्तीसगढ़) को पत्र लेख किया जाए।

6. प्रतिबंधित 7.5 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी में अवैध उत्खनन पाये जाने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु संचालक, संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म एवं पर्यावरण को क्षति पहुंचाने हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु लेख किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जायेगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 08/01/2022 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 14/01/2022 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(4) समिति की 448वीं बैठक दिनांक 28/01/2022:
समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, रायपुर से पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस संबंध में परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में

जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन प्राप्त किये जाने हेतु एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, रायपुर में दिनांक 17/11/2022 को तथा क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर में दिनांक 17/11/2022 को आवेदन किया गया है। साथ ही एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ द्वारा दिनांक 09/01/2023 के माध्यम से एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, रायपुर को पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने हेतु अनुरोध पत्र लिखा गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का प्रमाणित पालन प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात एस.ई.ए.सी./एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ में प्रस्तुत किये जाने बाबत् शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है।

2. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तों के अनुरूप निर्धारित मात्रानुसार किये गये वृक्षारोपण के पौधों में संख्यांकन (Numbering) एवं पौधों के नाम का उल्लेख किया जाकर फोटोग्राफ्स सहित जानकारी प्रस्तुत की गई है।

3. उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत मोहभट्ठा का दिनांक 15/11/2009 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में परियोजना प्रस्तावक का कथन है कि दिनांक 15/11/2009 को जारी पंचायत प्रस्ताव में लिखी गई शर्तों के अनुसार पंचायत प्रस्ताव प्राप्ति के 1 वर्ष के भीतर खनिज विभाग से लीज स्वीकृत कराना अनिवार्य था। पंचायत प्रस्ताव में दी गई उक्त शर्तों के अनुसार ही खनिज विभाग से 08/07/2010 को 1 वर्ष के भीतर लीज अनुबंध करवा लिया गया था। अतः उक्त पंचायत प्रस्ताव प्रभावशील है।

4. परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तावित स्कूल में आवश्यक, पर्यावरण संबंधी पुस्तकों का भी प्रावधान शामिल करते हुए सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु निम्नानुसार संशोधित विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:-

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
22.43	2%	0.448	Following activities at Government Middle School Village- Mohbhatta	
			Installation of UV water filter and its AMC	0.30
			Running water arrangement in toilet	0.17
			Books related to Environment Conservation and Almira for Books	0.10
				0.57

सी.ई.आर. के तहत प्रस्तावित स्कूल के प्राचार्य (Principal) का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है।

5. समिति का मत है कि डी.एस.आर. एवं क्लस्टराइजेशन कार्यों के मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण हेतु त्रि-स्तरीय समिति (ग्राम/पंचायत प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी/प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन या छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पदाधिकारी/प्रतिनिधि) गठित किया जाना आवश्यक है। साथ ही डी.एस.आर. एवं क्लस्टरिंग का कार्य पूर्ण किये जाने के उपरांत गठित त्रि-स्तरीय समिति से सत्यापित कराया जाना आवश्यक है।

6. माननीय एन.जी.टी., प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा सतेन्द्र पाण्डेय विरुद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं अन्य (ओरिजनल एप्लिकेशन नं. 186 ऑफ 2016 एवं अन्य) में दिनांक 13/09/2018 को पारित आदेश में मुख्य रूप से निम्नानुसार निर्देशित किया गया है:-

   a) Providing for EIA, EMP and therefore, Public consultation for all areas from 5 to 25 ha. falling under category B-2 at par with category B-1 by SEAC / SEIAA as well as for cluster situation where ever it is not provided.

   b) If a cluster or an individual lease size exceed 5 ha. EIA / EMP be made applicable in the process of grant of prior environment clearance.

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:-

1. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-मुंगेली के ज्ञापन क्रमांक 714/खनि-02/2022-23 मुंगेली, दिनांक 29/08/2022 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर स्वीकृत 6 खदानें (चूना पत्थर), क्षेत्रफल 3.757 हेक्टेयर है, इसके अतिरिक्त 500 मीटर के भीतर स्वीकृत 1 अन्य ओवरलैपिंग खदान, क्षेत्रफल 4.97 हेक्टेयर है, जिसे दिनांक 29/07/2020 को एल.ओ.आई. जारी किया गया है। आवेदित खदान (ग्राम-मोहभट्ठा) का क्षेत्रफल 0.482 हेक्टेयर है। आवेदित खदान चूना पत्थर खदान है। इस प्रकार समूह खनिज (चूना पत्थर) हेतु आवेदित खदान (ग्राम-मोहभट्ठा) को मिलाकर कुल रकबा 4.239 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित समूह खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर या उससे कम होने के कारण यह खदान बी-2 श्रेणी की मानी गयी।

2. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से आवेदक – मेसर्स मोहभट्ठा लाईम स्टोन क्वारी (प्रो.– श्रीमती [illegible]) को ग्राम-मोहभट्ठा, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली के खसरा क्रमांक 682, 683 एवं 684 में स्थित चूना पत्थर (गौण खनिज) खदान, कुल क्षेत्रफल-0.482 हेक्टेयर, क्षमता – 4,750 टन प्रतिवर्ष हेतु **परिशिष्ट-05** में वर्णित शर्तों के अधीन राज्य पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की गई।

3. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी भारत सरकार, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर से प्राप्त कर की एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करने की शर्त के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति की सशर्त अनुशंसा की जाती है।

राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदनुसार सूचित किया जाए। साथ ही एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर को पत्र प्रेषित किया जाए।

8. मेसर्स रिलीव बायोटेक प्राईवेट लिमिटेड ग्राम–लोधी, तहसील व जिला–बेमेतरा (प्रकरण का नस्ती क्रमांक 2148)

ऑनलाईन आवेदन – प्रस्ताव नंबर – एसआईए/ सीजी/ आईएनडी2/ 278065/ 2021, दिनांक 06/09/2022 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – परियोजना प्रस्तावक द्वारा ग्राम–लोधी, तहसील व जिला–बेमेतरा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 28 एवं अन्य, कुल रकबा – 14.18 हेक्टेयर में मोलासेस/ शुगरकेन जूस/ ग्रेन बेस्ड डिस्टिलरी प्लांट क्षमता – 100 किलोलीटर प्रतिदिन (इथेनॉल यूनिट), को-जनरेशन पॉवर प्लांट–4.8 मेगावॉट के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है। परियोजना में कुल विनियोग राशि 160 करोड़ होगी।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के पत्र दिनांक 06/12/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की [illegible]वीं बैठक दिनांक 08/12/2022

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री [illegible] उपस्थित हुए। समिति द्वारा चाही, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उद्योग स्थापना के संबंध में ग्राम पंचायत लोधी का दिनांक 16/06/2018 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

2. **निकटतम स्थित क्रियाकलापों संबंधी जानकारी** –

- निकटतम शहर बेमेतरा 24 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। तहसील ग्राम–बेमेतरा 1 कि.मी., आबादी बेमेतरा 8.4 कि.मी. एवं निकटतम रेलवे स्टेशन रायपुर 80 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। स्वामी विवेकानंद विमानतल, माना, रायपुर 89 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। शिवनाथ नदी 11.2 कि.मी. दूर है। नाला 300 मीटर दूर है।

- परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

3. लैण्ड यूटिलिटी स्टेटमेंट –

Description	Area (SQM)
Plant and Machinery	22,601
Storage Area (Raw material, Bi-Product, Chemical, Fuel, Repair etc.)	14,400.00
Road/ Paved Area	9,860.00
Rooftop Area of Building/ Sheds	600.00
Parking Area	12,100.00
Open Land	11,239.00
Green Belt Area	70,800.00
Total Area	**1,41,600.00**

4. [illegible] किया गया है, जिसमें कुल [illegible] का [illegible] उल्लेख है।

5. **भूमि संबंधी विवरण** – भूमि खसरा क्रमांक 20 एवं 26(पार्ट) शासकीय भूमि है। मेसर्स [illegible] प्राइवेट लिमिटेड, ग्राम–[illegible], तहसील व जिला–[illegible] के औद्योगिक प्रयोजन–[illegible] की स्थापना के लिए जिला [illegible] ग्राम–[illegible], तहसील व जिला–[illegible] में स्थित प.ह.नंबर 20, खसरा क्रमांक 26 एवं 20 का भाग, क्रमशः 6.46 हेक्टेयर एवं 7.70 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल 14.16 हेक्टेयर शासकीय भूमि का आवंटन छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम 2015 (यथा संशोधित 2021) के प्रावधान अनुसार किया गया है।

6. रॉ–मटेरियल –

S. No.	Name of Raw Material	Quantity	Source	Distance and mode of Transportation
1.	Grains- (Broken Rice, Maize, Sorghum, Bajra, Damaged Wheat)	250 TPD	Open Market/ local Suppliers	50-500 KM by Truck transport
2.	Chemicals		Purchasing from market transport distance 50-500 KM	
2.1	Sodium Hydroxide (Caustic)	1000 Kg		In can packing
2.2	Enzymes (Alpha Amylase / Exo-Amylase/Glucoamylase/ Endoamylase/Amyloglycosidase)	130 Kg		In can packing
2.3	Nutrients (Zinc Sulphate, Magnesium Sulphate, Hydroclorid etc.)	250 Kg		Tanker
2.4	Antifoam Agent	175 Kg		In can packing
2.5	Yeast	50 Kg		In boxes
3.	Fuel for Boiler			
A	Biomass like Rice Husk	150 TPD	Covered Sheds	Form local Suppliers by road
	OR			
B	Coal	100 TPD	Covered Sheds	Form local Suppliers by road

7. जल उपयोग आवश्यकता –

Description	Quantities to Process (KL/Day)
Total Water Input	
Process water in Liquefaction	357
DM Water as Boiler Feed	404
Soft Water in Distillation and Decanter	66
Soft Water as cooling towers makeup (L.F.D.E.)	446
Misc. Floor and Fermentor washing	42
Water for Domestic Use	10

Total water input	1,417	
Total Water Output		
	Liquid Discharge (KL/Day)	Evaporation (KL/Day)
Water in Spent wash	487	-
Steam Condensate	422	-
Spent Lees from Distillation	103	-
Boiler Blowdown + Reject	10	-
Evaporation loss (Cooling Tower F.L.D.E.)	-	449
Water Output	1,022	449
Total Water Output	1,471	
Recycle and Utilized Streams		
Section	Recycle Streams to Process (KL/Day)	
Spent Lees from Distillation to Cooling Tower	63	Recycle to process
Thin Slopes Recycle Process Water to Liqn.	156	Recycle to process
Steam Condensate to Boiler	422	Recycle to Boiler Make Up
Condensate from Evaporation and Drier Plant	299	Recycle to CT Make Up
Spent Lees as Fermentor and Floor Washing	42	Recycle to CT Make Up
Gardning and Green Belt (in House)	20	Utilization
Water Consumption in Drinking Etc.	8	Utilization
Soft Water in Distillation and Decanter	68	Recycle to process
Total Recycle and Utilized Streams	1034	

- Liquid Discharge From Plant- Zero Discharge
- Total Fresh Water Inputs- 394 KL/Day

  जल की आपूर्ति सिंचाई नहर (भूजल दोहन) से की जाएगी। इस हेतु कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग बेमेतरा, जिला-बेमेतरा के पत्र क्रमांक 2114/कार्य/बेमेतरा दिनांक 12/08/2022 के द्वारा 0.268815 मिलियन घनमीटर प्रतिवर्ष जल आबंटन/प्रदाय हेतु सहमति प्रदान की गई है।

8. जल प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था –

Type of Effluent	Treatment Facility	Utilization
Thin Slop Treatment	Thin slop from the bottom of the column will be fed to decanter. Decantation section comprises of decanter centrifuge for separation of suspended Solid from thin slop. Supernatant of thin slop will be concentrated in MEE and the reject from MEE (SLOP) will be mixed with	Will be used in process.

	Decanter sludge (wet cake) for drying in DDGS dryer and Dried Solid will be sold as cattle feed	
Other Effluent (DM Plant regeneration, Boiler Blowdown etc.)	Will be treated in Effluent Treatment Plant of capacity 700 KLPD	Will be used in process and greenbelt development
Domestic Waste Water	Will be treated in Sewage Treatment Plant of capacity 20 KLPD	Will be used in greenbelt development, dust suppression and cleaning.

शून्य निस्सारण की स्थिति रखी जाएगी।

9. **ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था** – उद्योग से जनित वेट केक सॉलिड्स के प्रबंधन हेतु Steam Tube Bundle Drier की स्थापना कर Dried distillers grains soluble (DDGS) का उत्पादन किया जाएगा जिसका उपयोग पशुआहार एवं मत्स्य पालन हेतु किया जाता है। बॉयलर से एश 30 टीपीडी जनित होगा जिसको ब्रिक निर्माण इकाईयों को उपलब्ध कराया जाएगा। यूज्ड/स्पेंट ऑयल, रेजिन (0.2 किलो लीटर प्रतिवर्ष) को अधिकृत रिसाइकलर्स को विक्रय किया जाएगा।

10. **वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – बॉयलर में ई.एस.पी. की स्थापना कर पार्टिकुलेट मैटर का उत्सर्जन 50 मिलिग्राम/सामान्य घनमीटर से कम रखा जाना प्रस्तावित है। ई.एस.पी. से संलग्न चिमनी की ऊँचाई 45 मीटर रखा जाना प्रस्तावित है। डी.जी. सेट के संलग्न चिमनी की ऊँचाई 30 मीटर रखा जाना प्रस्तावित है। [illegible] पर डस्ट कलेक्टर की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है। फ्लाई ऐश का संग्रहण साइलो में किया जाएगा। जनित फ्लाई ऐश, [illegible] को ढके हुये वाहनों से परिवहन तथा फ्यूजिटिव उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु जल छिड़काव की व्यवस्था किया जाना प्रस्तावित है। चिमनी में ऑनलाइन कन्टिन्यूअस इमिशन मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।

11. **रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के उद्योग परिसर में वर्षा जल का कुल उपयोग 28,587 घनमीटर प्रतिवर्ष होगी। उक्त प्रस्तुत प्रस्ताव से रिचार्ज पिट अथवा रिजर्वायर बनाया जाना है यह स्पष्ट नहीं हो रहा है। अतः अपेक्षित यह है कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग का विस्तृत प्रस्ताव में रिचार्ज पिट की संख्या एवं साईज सहित अथवा / रिजर्वायर की क्षमता सहित जानकारी प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

